e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 157
शनिवार
10.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

यदि आप अपनी जिन्दगी में धीरे चलकर भी कभी नहीं रूके तो यकीन मानिए आप सबसे तेज चल रहे हैं।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 37°
न्युनतम 23°

## क्विक न्यूज

### पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन 11 जून से

**रांची :** पटना से रांची तक वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन 11 जून को होगा। यह ट्रेन सुबह 6ः55 बजे पटना से खुलेगी और दोपहर एक बजे रांची पहुंचेगी। रांची से दोपहर 2:20 बजे खुलेगी और शाम 8:25 बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन गया, बरकाकाना होकर चलेगी। इस ट्रेन का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। रांची से पटना के बीच जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत ट्रेन दौड़ेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस महज छह घंटे में रांची से पटना की दूरी तय करेगी। इस दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस जहानाबाद, कोडरमा और मेसरा स्टेशन में भी रूकेगी। अभी तक की प्लानिंग के अनुसार गया में 10 मिनट और बरकाकाना में पांच मिनट ट्रेन रूकेगी। पूर्व मध्य रेलवे की ओर से इस संबंध में दानापुर, मुगलसराय और धनबाद डिवीजन के सीनियर डिविजनल ऑपरेशनल मैनेजर को पत्र लिखकर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके तहत दानापुर के एक ट्रैफिक इंस्पेक्टर को पटना से गया तक फुट प्लेटिंग और मिनट टू मिनट टाइम रिकॉर्डिंग करने को गया है जबकि धनबाद डिवीजन को गया से रांची और लौटने के दौरान फुट प्लेटिंग का मिनट टू मिनट टाइम रिकॉर्डिंग करना है। इस ट्रेन की शुरुआत होने से पटना से रांची आने-जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा होगी।

### 15 बोरा डोडा और 4.6 किलो अफीम बरामद

**चतरा :** राजपुर थाना पुलिस ने नशा कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी कर भारी मात्रा में डोडा और गीला अफीम बरामद किया है। चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बनिया बांध गांव में मुंशी यादव, पुनई यादव और वृक्ष यादव अफीम की खेती कर अपने घर में काफी मात्रा में डोडा और अफीम रखे हुए हैं। जल्द ही इसे बेचने के फिराक में है। मामले को लेकर तीनों व्यक्तियों के घर में की गई छापेमारी के क्रम में 15 बोरा डोडा और 4 .6 किलोग्राम गीला अफीम बरामद किया गया। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### मणिपुर में उग्रवादियों ने महिला सहित 3 लोगों की ली जान

**इम्फाल :** मणिपुर में मेतई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच हिंसा थम नहीं रही। दोनों समुदायों के बीच 3 मई से हिंसा जारी है। शुक्रवार को मणिपुर में एक और हिंसक घटना घटी।जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मणिपुर के खोकेन गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने एक महिला सहित तीन लोगों की हत्या कर दी और दो अन्य लोगों को घायल कर दिया। यह गांव कांगपोकपी और पश्चिम इम्फाल जिले के बीच की सीमा पर स्थित है।

### चाईबासा में दुष्कर्म के दोषी को मिली 10 साल की सजा

**पश्चिमी सिंहभूम :** अपर जिला सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने शुक्रवार को झींकपानी थाना क्षेत्र के ईचापुर गांव निवासी सुखलाल बुडीउली को दुष्कर्म के एक मामले में 10 साल की सजा और 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। दोषी के खिलाफ पीड़िता के बयान पर झींकपानी थाना में 19 नवंबर, 2020 को मामला दर्ज कराया था। पीड़िता 16 नवंबर को अपने फुफू के घर झींकपानी के इच्छापुर आई हुई थी। इस बीच आरोपित सुकलाल बुडीउली उर्फ लाल सिंह ने पीड़िता को डरा-धमका कर जबरदस्ती किया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सुकलाल बुडीउली उर्फ लाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाद में पुलिस ने सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया, जिसके आधार पर कोर्ट ने सजा सुनाई।

### राज्यपाल व सीएम ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

# आदिम जनजातियों के विकास से ही होगा राज्य का विकास : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर मेदिनीनगर स्टेशन रोड स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर बिरसा चौक व बिरसा मुंडा समाधि स्थल कोकर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। इधर रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर बिरसा चौक व बिरसा मुंडा समाधि स्थल कोकर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। भगवान बिरसा की पुण्यतिथि के अवसर पर पलामू जिलांतर्गत रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में सुरंगाही टोला के ग्रामीणों के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने संवाद स्थापित करते हुए कहा कि जब तक आदिम जनजाति का विकास नहीं होगा, राज्य का विकास नहीं होगा। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आप सबके उत्थान हेतु कई योजनाएं संचालित है, आप सभी को इन योजनाओं का लाभ उठाना होगा।।उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल आने से पूर्व स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव के साथ समीक्षा की थी। विद्यालय में शिक्षकों एवं अस्पताल में चिकित्सों की कमी व अनुपस्थिति पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति के साथ अस्पताल में चिकित्सों व चिकित्साकर्मियों की भी बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति सुनिश्चित करने का निदेश दिया ताकि कार्य न करने पर वेतन न मिले। उन्होंने कहा कि यहाँ प्राथमिक अस्पताल के निर्माण हेतु प्रयास किया जायेगा। उक्त अवसर पर राज्यपाल द्वारा आदिम जनजाति पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना की स्वीकृति पत्र लाभुकों को प्रदान किया। साथ में ही बिरसा आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया। मनरेगा के तहत नए लाभुकों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए। वहीं लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनान्तर्गत परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। राज्यपाल ने नावाडीह पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने सभी का स्वागत करते हुए नावाडीह पंचायत के सुरंगाही टोला एवं रामगढ़ प्रखंड की आदिम जनजातियों की बसावट के बारे में ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने किया। मौके पर पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विस्पुते, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह आदि उपस्थित थे।



### भगवान बिरसा मुंडा को प्रधानमंत्री मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली :** भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। कहा कि उन्होंने विदेशी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए उनके समर्पण और सेवाभाव को कृतज्ञ राष्ट्र सदैव याद रखेगा।



### लाभुकों को दिया चेक

**मेदिनीनगर :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पलामू परिसदन में सुनीता कुमारी, पति स्व गोविंद कुमार सिंह एवं उर्मिला देवी, पति स्व श्यामदेव सिंह को अपने विवेकाधीन अनुदान मद से 1-1 लाख का चेक एवं विधवा सम्मान पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया। साथ ही सुनीता कुमारी को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का लाभ दिया। ज्ञात हो कि उर्मिला देवी को इस आवास योजना को पूर्व में ही लाभ प्राप्त है।राज्यपाल ने उक्त अवसर पर उपायुक्त से कहा कि उनके आजीविका, इनके बच्चों की शिक्षा, बालिका की विवाह हेतु सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के तहत लाभ से आच्छादित किया जाय।

### रांची स्मार्ट सिटी निर्माण में प्रभावित व विस्थापित परिवारों को मिला भूमि बंदोबस्ती का पर्चा

# प्रभावित परिवारों के लिए होगा आवास का निर्माण : विनय चौबे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार विस्थापन से पहले पुनर्वास नीति को लेकर दृढ संकल्पित है। इसी क्रम में 09 जून 2023 शुक्रवार को नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत रांची स्मार्ट सिटी निर्माण से विस्थापित परिवारों के बीच पुनर्वास अन्तर्गत भूमि बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया गया। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग विनय कुमार चौबे की गरिमामयी उपस्थिति में 25 विस्थापित परिवारों में से 22 को पर्चा दिया गया।

इस अवसर पर श्री चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी को विस्थापित करने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था की गयी है। 25 प्रभावितों को मकान बनाने के लिए 10-10 डिसिमल जमीन का पट्टा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी प्रभावित परिवारों के लिए अंबेडकर योजना की तर्ज पर जुडको लिमिटेड के सीएसआर फंड से आवास का निर्माण कराया जाएगा। इस पर प्रति आवास 130000 खर्च होंगे।

इस पर सभी प्रभावितों ने एक स्वर में घर बनाकर दिये जाने की बात कही। सचिव द्वारा आश्वस्त किया गया कि इस दिशा में समेकित रूप से प्रोजेक्ट बनाकर प्रभावितों को लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। मकान पट्टा पाकर प्रभावित परिवार काफी खुश नजर आये। सभी ने राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। घर टूटने के बाद डेविड आईन्द की शादी रुक गयी थी और आज पट्टा मिलने के बाद उनकी शादी पक्की हो गयी। डेविड और उनकी होनेवाली पत्नी हलयानी भुईया ने मुख्यमंत्री को जमीन का पट्टा दिये जाने पर धन्यवाद दिया। अन्य प्रभावितों ने कहा कि आज उन्हें मकान का पट्टा मिला है, आगे वे सरकार की सहायता से अपना अशियाना बनायेंगे।इस दौरान निदेशक सूडा अमित कुमार, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर संतोष तिग्गा, गिन्नी कच्छप, पुनीत किस्पोट्टा, अजय कच्छप, संजय कच्छप, मंजू मिंज, अरविंद टोप्पो, सुनील मिंज, राजेश लिण्डा, फिलिप मिंज, रुपेश मिंज, चंदा मिंज, जयंत, नंदिया मिंज, पिरी कच्छप, धनई कुजूर, मधु एक्का, राम जतन साहू, संध्या आईन्द, सरोज आईन्द,प्रभात एक्का व सुशील मिंज को जमीन का पर्चा दिया गया।

तीन प्रभावित बुधु अहिर,अमित कच्छप एवं सोमा संगा के उपस्थित नहीं होने के कारण उनसे मिलकर पर्चा उपलब्ध कराने का निदेश अंचल अधिकारी को दिया गया है।

*** 25 परिवारों को 10 10 डिसिमल जमीन का दिया गया पर्चा**

# धनबाद में अवैध खनन के दौरान चाल धंसी, तीन की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के भौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल के भौरा 4ए पेच में अवैध खनन के दौरान चाल धंस गई है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोगों के दबने की आशंका है। मरने वालों में एक 25 वर्षीय युवक, एक महिला और एक बच्ची है।बताया जा रहा है कि भौरा फोर-ए पेच में कोयले का अवैध उत्खनन चल रहा था। इसी दौरान चाल धंस गई और कई लोग मलबे दब गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने किसी तरह कई घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। कई घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्थानीय निवासी हरेंद्र यादव ने बताया कि चाल धंसने से तीन लोगों को मौत हुई है।

सूचना पर पहुंचे जोरापोखर इंस्पेक्टर बिनोद उरांव ने बताया कि अवैध खनन में कई लोगों के दबे होने की सूचना मिली है। जांच की जा रही है। जांच के उपरांत ही कुछ कहा जा सकता है।

अवैध उत्खनन स्थल की भराई की जा रही है।

# अवैध खनन मामले में ईडी ने 60 बैंक खाते को किया फ्रीज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अवैध बालू खनन मामले की प्रवर्तन निदेशालय जांच कर रही है. जांच क्रम में ईडी ने मैसर्स ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और अन्य सहयोगियों के ठिकाने पर छह जून को छापेमारी की थी. इस मामले में पटना, धनबाद, हजारीबाग और कोलकाता के 27 स्थानों पर छापेमारी की गई थी. ईडी ने बताया कि इस दौरान डेढ़ करोड़ रूपया नगद, 11 करोड़ रूपया के संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए और साथ ही बैंक में जमा 6 करोड़ रूपया और 60 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है. छापेमारी के दौरान मिले कागजात और डिजिटल सामग्री को भी आगे की जांच के लिए जब्त कर लिया गया है. ईडी ने बिहार पुलिस द्वारा दर्ज विभिन्न एफआईआर के आधार पर अवैध बालू खनन मामले की जांच शुरू की है. कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ बिहार के खनन विभाग की शिकायतों के आधार पर मैसर्स ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ विभागीय प्री-पेड परिवहन ई-परिवहन का उपयोग किए बिना अवैध रेत खनन और इसकी बिक्री के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई है. खनन प्राधिकरण, बिहार की ओर से जारी चालान से करीब 250 करोड़ रुपये के राजस्व की भारी हानि हुई है. छापेमारी के दौरान नकदी, आपत्तिजनक दस्तावेज जैसे खरीदी गई संपत्तियों की बिक्री के दस्तावेज,कंपनियों और उनके निदेशकों के नाम पर एफडीआर की खोज हुई है.




### ब्रॉडसन व आदित्य मल्टीकॉम के निदेशकों पर दबिश

ब्रॉडसन और आदित्य मल्टीकॉम से जुड़े पुंज सिंह, बबन सिंह, सुरेंद्र जिंदल, मिथिलेश सिंह, अशोक कुमार, एमएलसी राधाचरण साह और सुभाष यादव बॉडसन के निदेशक रहे हैं. वहीं जगनारायण सिंह और सतीश कुमार सिंह आदित्य मल्टीकॉम के निदेशक हैं. दोनों कंपनियां कोलकाता के पते पर रजिस्टर्ड हैं और बिहार में पटना, भोजपुर, औरंगाबाद, सारण, रोहतास और कैमूर में बालू खनन का काम करती रही हैं.

# चक्रवात बिपरजोय को लेकर डिजास्टर मैनेजमेंट की 11 टीमें अलर्ट

एजेंसी

**अहमदाबाद :** गुजरात के निकट अरब सागर में बिपरजोय चक्रवात को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। चक्रवाती तूफान उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर आगे बढ़ रहा है। अगले दो दिन में यह इसी दिशा में आगे बढ़ने की आशंका है। बिपरजोय चक्रवात अभी गुजरात के तट से करीब 850 किलोमीटर दूर है। मौसम विभाग ने अरब सागर में बिपरजोय चक्रवात के कारण गुजरात के सभी तटीय जिलों को अलर्ट किया गया है। तहसील स्तर के सभी अधिकारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया गया है। गुजरात के बंदरगाहों पर खतरे का निशान लगा दिया गया है। वहीं, नेशनल और राज्य डिजास्टर मैनेजमेंट की 11 टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। गुजरात के समुद्र किनारे के जिलों भावनगर, अमरेली, जामनगर, मांगरोल, पोरबंदर, उना, वलसाड, नवसारी और द्वारका के समुद्र की लहरों में उछाल दिख रहा है। वलसाड के तिथल तट, सूरत के डूमस, नवसारी के उभराट आदि समुद्र तटों पर पुलिस तैनात कर पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार चक्रवाती तूफान अभी पोरबंदर से 880 किलोमीटर की दूरी पर है। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। दक्षिण गुजरात में 12 जून तक समीप आ सकता है। इसकी वजह से प्रशासन को अलर्ट किया गया है। सूरत के समुद्र किनारे के 42 गांवों और वलसाड के 28 गांवों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा सौराष्ट्र के पोरबंदर में समुद्र में 10 फीट ऊंची लहरें उठ रही है। भावनगर के अलंग समुद्र में जबर्दस्त करंट है। अमरेली जिले में भी शुक्रवार को 2 नंबर का सिग्नल जारी रहा। दमण, जामनगर में 2 नंबर का सिग्नल यथावत रखा गया है।



# शरद पवार व संजय राउत को मिली जान से मारने की धमकी

एजेंसी

**मुंबई :** एनसीपी चीफ शरद पवार व उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत को जान से मारने की धमकी मिली है. 9 जून की सुबह संजय राउत के विधायक भाई सुनील राउत के फोन पर एक अज्ञात शख्स का कॉल आया। जिसने संजय राउत को गोली से उड़ाने की धमकी दी.यह बातचीत काफी वायरल हो रही है, जिसमें शख्स संजय राउत की प्रेस कॉन्फ्रेंस बंद करने के लिए कह रहा है और न मानने पर गोली मारने की धमकी दे रहा है. इसके साथ ही बातचीत के दौरान दोनों ओर से काफी गाली गलौच भी की गई है. अज्ञात शख्स ने संजय के भाई सुनील राउत को फोन किया और कहा कि अपने भाई से प्रेस कान्फ्रेंस बंद करने के लिए कहो. इसी दौरान शख्स ने गोली से मारने की धमकी भी दी.शरद पवार की बेटी और एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने बताया कि उन्हें वॉटसएप पर पवार साहब के लिए मैसेज मिला था. उन्हें एक वेबसाइट के जरिए धमकी दी गई थी. इसके बाद सुप्रिया सुले ने इसकी शिकायत पुलिस से की. सुप्रिया सुले ने कहा कि मैं महाराष्ट्र के गृह मंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से इस पर ध्यान देने की मांग करती हूं. इस तरह की हरकतें और गंदी राजनीति रुकनी चाहिए.



# राज्यपाल ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ पलामू परिसदन में समीक्षा बैठक की। उक्त अवसर पर पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि का लोगों को मुआवजा संबंधी विषयों एवं पावर ग्रिड के द्वारा सीएसआर के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कल लहलहे पंचायत भवन, मेदिनीनगर में ग्रामीणों से संवाद के क्रम में लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि पावर ग्रिड द्वारा अधिकृत भूमि का उचित मुआवजा नहीं प्रदान किया जा रहा है और न ही इस कॉर्पोरेशन द्वारा सीएसआर के तहत कार्य हो रहा है। उन्होंने पावर ग्रिड के अधिकारियों व उपायुक्त से इनकी माँगो पर ध्यान देते हुए इनकी वस्तुस्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने हेतु कहा ताकि इसका समाधान हो सके। राज्यपाल ने पावर



ग्रिड कॉर्पोरेशन के अधिकारियों से कहा कि जिस क्षेत्र में यह स्थित है, वहाँ प्राथमिकता के तौर पर सीएसआर का कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि लोगों को आपका कार्य दिखना चाहिये। उन्होंने लहलहे में ग्रामीणों द्वारा जनसहयोग से संचालित विद्यालय का सीएसआर के तहत चाहरदीवारी एवं अन्य कार्य कराने हेतु उठाये गये मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे विद्यालयों के लिए आपको सीएसआर के तहत कार्य करना चाहिए। राज्यपाल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि अधिकारियों को सतही जानकारी होनी चाहिए जिससे जनहित में बेहतर कार्य हों। उन्होंने कहा कि उन्हें लहलहे में ग्रामीणों से संवाद के क्रम में लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि यहाँ सिंचाई की समस्या है व वर्षा जल संचयन की स्थिति भी ठीक नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को चेकडैम निर्माण हेतु निदेशित किया। उन्होंने उनसे विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जनहित में आपके पास अच्छे प्रस्ताव होना चाहिये। सिंचाई की समस्या के निदान के लिए आपको द्रुत गति से प्रयास करना चाहिए। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के अधिकारी एवं सिंचाई विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने दिया 2 लाभुकों को चेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड के राज्यपाल सी0पी0 राधाकृष्णन पलामू परिसदन में सुनीता कुमारी, पति स्व0 गोविंद कुमार सिंह एवं उर्मिला देवी, पति स्व0 श्यामदेव सिंह को अपने विवेकाधीन अनुदान मद से 1-1 लाख का चेक एवं विधवा सम्मान पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया। साथ ही सुनीता कुमारी को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का लाभ दिया। ज्ञात हो कि उर्मिला देवी को इस आवास योजना को पूर्व में ही लाभ प्राप्त है। राज्यपाल महोदय ने उक्त अवसर पर उपायुक्त से कहा कि उनके आजीविका, इनके बच्चों की शिक्षा, बालिका की विवाह हेतु सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के तहत लाभ से आच्छादित किया जाय। विदित हो कि धनबाद रेल मंडल में निचितपुर हॉल्ट के पास पोल खड़ा करने के क्रम में हाईटेंशन तार गिर जाने से इनके पति की मृत्यु हो गई थी।

## केतार प्रमुख ने की 15 वें वित्त मद से योजनाओं का शिलान्यास



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत पाचाडुमर में शुक्रवार को पंचायत समिति के 15 वें वित्त मदद से दो योजनाओं का शिलान्या ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया गया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ मुकेश मछुआ, पाचाडुमर पंचायत के मुखिया श्याम सुंदर बैठा, पंचायती राज्य समन्वयक राकेश कुमार गुप्ता शामिल रहे। उक्तयोजना का शिलान्यास 2 लाख 49 हजार दो सौ की लागत से पाचाडुमर के कमदरवा टोला में पूल के पास गडवाल सहित मरम्मती निर्माण, जबकि 2 लाख 49 हजार एक सौ की लागत से पाचाडुमर बस्ती में उदय प्रसाद के घर से मंदिर रोड तक नाली निर्माण किया गया। साथ ही प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि आज मेरे अथक प्रयास से 15वे वित अन्तर्गत पंचायत समिति मद से दो योजनाओं का शिलान्यास किया गया जो यहां के स्थानीय ग्रामीण जनताओ के द्वारा काफी समय चिर परिचित योजनाओं का मांग किया जा रहा था जो आज सफल रहा। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गुडन पासवान, उदय प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, वार्ड सदस्य सुधीर कुमार ठाकुर, सुशील पाठक, विनोद प्रसाद, बब्लू प्रसाद, राहुल कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## दो वारंटी को थाना प्रभारी ने भेजा जेल



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने अपने क्षेत्र के दो पुराने वारंटी सुखाड़ी बैठा पिता गणेश बैठा और गुलाब मेहता पिता स्वर्गीय मालिक मेहता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त दोनों के ऊपर 2015 में एसटी एक्ट के तहत कांड संख्या 238/15 में मामला दर्ज किया गया था और न्यायालय में सुनवाई के बाद उक्त दोनों को समय समय पर न्यायालय में पहुंच अपनी उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। परंतु दोनों व्यक्ति पिछले कई बार से न्यायालय मे उपस्थित नहीं हो रहे थे। बेल टूटी के वजह से न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। जिसके आलोक में दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

# एनसीपी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने का लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरैया एवं तेंदूई में एनसीपी के कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में एकत्रित होकर पार्टी को मजबूत करने का लिया संकल्प एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर पार्टी के संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत करने में कार्यकर्ता जुट गए हैं। शुक्रवार को पिपरा प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुईंया प्रखंड विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान प्रखंड प्रभारी अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह की उपस्थिति में सरैया पंचायत के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सर्वसमिति से पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इससे पूर्व भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बैठक में सरैया पंचायत प्रभारी उदय सिंह पंचायत अध्यक्ष दिनेश पासवान सचिव योगेंद्र



पासवान कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल पाठक उपाध्यक्ष रमेश राम महेंद्र पाल युवा अध्यक्ष सागर सिंह युवा सचिव धर्मेंद्र गुप्ता युवा उपाध्यक्ष राम जी भुइंया अल्पसंख्यक अध्यक्ष लल्लू अंसारी वहीं तेंदूई के पंचायत प्रभारी विजय सिंह पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र राय सचिव जय सिंह कोषाध्यक्ष चांददेव यादव उपाध्यक्ष विजय सिंह युवा अध्यक्ष अनिल पासवान सचिव विशाल पासवान उपाध्यक्ष लालबाबू सिंह युवा कोषाध्यक्ष संजय राम को बनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संगठन की मजबूती का संकल्प लिया. मौके पर एनसीपी पार्टी के सदस्य एवं बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह सीधी सिंह हरिवंश पासवान हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह नागेंद्र सिंह कामदेव पासवान भोला सिंह सुरेंद्र सिंह सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो समर्थको ने प्रेस वार्ता कर किया विधायक पर पलटवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** बीस वर्षो से कायापल्प का बाट जोह रहा रमना -धुरकी भाया बुलका सड़क का फिलहाल कायाकल्प तो नही हुआ है। लेकिन श्रेय लेने की होड़ मच गई है।क्षेत्रिय विधायक भानुप्रताप शाही और उनके समर्थकों के द्वारा रमना बजार से सलीदाग होते हुए धुरकी तथा एनएच 75 से गरबांध होते रोहिनिया पीडब्ल्यूडी तक पथ निर्माण की स्वीकृति सरकार के द्वारा कैबिनेट से दिलाने की मांग किया गया वैसे ही झामुमों समर्थकों ने प्रेस वार्ता कर पलटवार किया है।शुक्रवार को रमना स्थित गुलरही बांध के समीप प्रेस वार्ता करते हुए झामुमों के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि वर्तमान विधाकय सिर्फ श्रेय लेने की राजनीति कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहीर अंसारी के द्वारा गत दिनों दोनों सड़कों का मामला सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर उठाया था। सीएम ने भरोशा दिलाय था कि बहुत जल्द दोनों सड़कों का कायाकल्प होगा। मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन और मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से अब सड़क का कायाकल्प होने वाला है तो भानुप्रताप शाही श्रेय लेने के लिए शोर मचाने लगे। उन्होंने कहा कि भानुप्रताप शाही कहते है कि उक्त दोनों सड़क बनाने की मांग नौ बार कर चुका हूं।तो जनता यह जनना चाहती है कि तीन बार के विधायक, डेढ़ साल मंत्री तथा पूर्व सीएम रघुवर दास के चहेते विधायक होने के बाद भी सड़क निर्माण के प्रति आप क्यों सजग नही हुए। उन्होंने कहा कि जब झामुमों की सरकार इस सड़क के निर्माण को गंभीरता से लिया है तो भवनाथपुर के विधायक झुठ का ढोल पिटने लगें है। प्रेसवार्ता मे झामुमों के नागेद्र कुमार सिंह, विशेश्वर मेहता, लालजी सिंह, रोहीत वर्मा, प्रदीप कुमार सिंह, उदित कुमार ठाकुर सहीत कई लोग मौजूद थे।

## इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार गुप्त सूचना पर पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम ने एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान अवैध विदेशी शराब लदा एक जाइलो वाहन जेएच 01एसी 1668 को जब्त किया है। वहीं वाहन चालक बिहार के गया जिला अंतर्गत गुरारू थाना के देवकुली गांव निवासी उदय कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि जब्त शराब झारखंड से बिहार तस्करी कर ले जाया जा रहा था। वहीं वाहन में कुल 62 पेटी में 180 एमएल के 2976 प्लास्टिक के बोतल रॉयल ब्लू व्हिस्की का 535.68 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। छापेमारी दल मे हरिहरगंज थाना पुलिस उत्पाद विभाग तथा सशस्त्र बल शामिल थे।

## 99 वोट ला बुढ़ीवीर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बने भोला चौरसिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के बुढ़ीवीर में पैक्स का चुनाव चोटहांसा गांव में हुआ। इसमें अध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवारों का नाम सामने आया। इसमें सबसे ज्यादा 99 वोट भोला चौरसिया को मिला और वे पैक्स अध्यक्ष चुने गए। वहीं दूसरे स्थान पर बसंत कुमार चौधरी को 79 व तीसरे स्थान पर कांति देवी को 44 मत मिले। वहीं सात मत अवैध घोषित किए गए। इसके अलावा 11 सदस्य भी निर्विरोध सदस्य चुने गए। इसमें प्रयाग चौधरी, निरंजन भुइयां, बिहारी चौरसिया, संतोष साव, महेंद्र चौरसिया, शिखा देवी गुड़िया देवी निधि देवी, अमृता देवी, बुधनी देवी व मानमती देवी का नाम शामिल है। मतदान पदाधिकारी बसंत कुमार राय ने मतदान के बाद उक्त आशय की घोषणा की। मतदान में कुल 229 सदस्यों ने भाग लिया था। चुनाव संपन्न होने के बाद लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर मुखिया पंचायत के मुखिया अरविंद तिवारी एवं कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## छेछौरी निवासी कृष्णा राम को अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से गला रेत किया घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** छेछौरी निवासी एक व्यक्ति को अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर किया घायल,परिजनों ने पंडवा पुलिस को दी जानकारी। पलामू जिले अंतर्गत पंडवा थाना क्षेत्र के छेछौरी गांव निवासी कृष्णा राम को उसके घर पर ही अज्ञात व्यक्ति ने गले को चाकू से घोंप दिया जिससे उसकी स्थिति खराब हो रही थी परिजनों ने उसके बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर एमएमसीएच ले जाया गया बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने इसकी जानकारी पंडवा पुलिस को दी पुलिस मामले की जांच कर रही है जानकारी के अनुसार कृष्णा राम अपने बाल बच्चे के साथ खाना पीना खा कर घर के बाहर चटाई पर सोया हुआ था की उसे अज्ञात व्यक्ति ने रात्रि में गले के पास चाकू से घोंप दिया। बताते चले की कृष्णा राम अपनी बेटी की शादी था। जिसका आज तिलक ले जाना था जबकि यह घटना घट गई क्षेत्र के लोगों में यह खबर सुनकर काफी सनसनी फैली हुई है। इस संदर्भ में पंडवा थाना प्रभारी नकुल शाह ने बताया की मामले की पूरी जांच की जा रही है अपराधी का पता चलते ही उसपे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बिरसा मुंडा हरित ग्राम योजना फलीभूत होना हो गया है प्रारम्भ

**फलदार पौधों के साथ सब्जियां भी पैदा कर रहे है किसान**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सलसलादी ग्राम स्थित दामर टोला पर बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 50 डिसमिल भूमि पर लगाये गये 51 आम के पौधे किसान जोखन पटेल के जीवन मे हरियाली बिखेर रहे हैं. झारखण्ड सरकार की दूरदर्शी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना सच होता दिख रहा है। किसान जोखन पटेल ने बताया कि उक्त योजना के तहत 50 डिसमिल भूमि पर उनके द्वारा 56 फलदार पौधे (आम)लगाये गये थे.जिसमे 51 पौधे आज फलों से लदे हैं. उन्होंने बताया कि उनके द्वारा उक्त बागवानी के खाली पड़े भूमि में उनके द्वारा आलू, प्याज, मकई, नेनुआ, झिगीं जैसे फसल भी उगाये गये है। उन्होंने बताया कि काफी परिश्रम कर उन्होंने एक एक पौधे को बचाया है,जिसका परिणाम है कि इस भीषण गर्मी में भी 50 डिसमिल में लगे बागवानी में फसलें लहलहा रहे है.उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से सरकार ने इस योजना को लागू किया है,यदि लाभुकों द्वारा ईमानदारी व पूरी निष्ठा से इस पर ध्यान दिया गया तो निश्चित ही यह योजना किसानों के लिये वरदान साबित होगा।

## आपसी विवाद में दो घायल



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के अहीपुरवा ग्राम में शुक्रवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहाँ कोई भी उपस्थित नही था।गम्भीररूप से घायल अवनीन्द्र कुमार तिवारी को कर्मियों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।उसके लिए सीएचओ को भेजा अस्पताल भेजा गया। रात्रि में डियूटी दे रहे चिकित्सक 9 बजे चले गए। ओपीडी के चिकित्सक को 9 बजे ही चले आना चाहिए। जब कि उनका आगमन 10 बजे हुआ। अनुमंडलीय अस्पताल में अक्सर रात्रि सेवा के चिकित्सक समय पर या उससे पहले ही चले जाते है। जब कि ओपीडी के चिकित्सक अक्सर देर से आते है। सुबह के समय अनुमंडलीय अस्पताल चिकित्सक विहीन ही रहता है। अधिक पहुच वाला मरीज आ जाये तभी चिकित्सक का आगमन होता है। इधर समाचार लिखे जाने तक घायल सुनील तिवारी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया जा रहा था।

## विश्रामपुर के वार्ड नौ में भाजपा ने चलाया जनसंपर्क गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** भाजपा के विश्रामपुर मंडल द्वारा शुक्रवार को नगर परिषद के वार्ड नौ में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। विदित हो कि मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने पर भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का सभी योजना गरीबों के कल्याण के लिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी का नौ वर्ष का कार्यकाल सेवा,सुशासन,विश्वाश और विकास के नाम समर्पित रहा। मौके पर भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा,मनीष कुमार, संतोष राम, संजय ठाकुर, रामप्रवेश मौर्या, बेबी देवी, रजनीश चंद्रवंशी, सुरेंद्र भारती, श्याम सुन्दर विश्वकर्मा, कृष्ण गुप्ता, विकाश चंद्रवंशी, पवन शुक्ला, राजीव कुमार, सुरेश चंद्रवंशी, विदेशी राम सहित कई लोग शामिल थे।

# कृष्ण मुरारी सिंह इंटर कॉलेज में मेघावी छात्र छात्राओं को दिया सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार मे अवस्थित कृष्ण मुरारी सिंह इंटर महाविधालय परिसर मे इंटरमिडिएट वार्षिक परीक्षा 2023 मे बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं का आज सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के अध्यक्षता कॉलेज के सचिव प्रेम भीष्म सिंह और संचालन शिक्षक तिलक कुमार ने किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि कॉलेज के सचिव एवम विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड प्रमुख रेशम कुमारी ,थाना प्रभारी अमन कुमार ,पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि आलोक कुमार यादव ने सम्बोधन किया और प्रखंड टॉपर काजल कुमारी, आचल कुमारी के अलावा शत प्रतिशत अच्छे अंक से सफलता प्राप्त करने छात्र -छात्राओं एवम अभिभावक को भी अंग वस्त्र ,कलम डायरी अन्य शिक्षण सामग्री



देकर सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर थाना प्रभारी अमन कुमार ने कहा कि उच्च मुकाम हासिल करने के लिए एकाग्रता एवम निरंतरता अनिवार्य है वहीं पर महाविधालय के प्राचार्य अजय कुमार ने कहा कि अभिभावक से अनुरोध किया शिक्षा ही पूंजी है शिक्षा के बिना जीवन अधूरा होता है जो हमारे कॉलेज के नियमित विधार्थी काजल कुमारी और आंचल कुमारी दोनों ने अपनी करियर एक छोटे कस्बे से शुरुआत की है और आज इंटर के वार्षिक परीक्षा मे अच्छी अंक प्राप्त करके प्रखंड मे प्रथम स्थान प्राप्त किया और पूरे प्रखंड का नाम रौशन किया और साथी साथ हमारे कॉलेज का भी नाम रौशन की। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने सभी छात्र छात्राओं की उज्वल भविष्य की कामना व आशीर्वाद दिया। प्रखंड मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले काजल कुमारी ने बताया कि हमें डॉक्टर बन सेवा करना मेरा पहला लक्ष्य है।

## कृषक मित्र व प्रज्ञा केंद्र संचालकों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** पीएम किसान के लाभुकों के ई केवाईसी कराने हेतु कृषक मित्र एवं प्रज्ञा केन्द्र संचालक की बैठक कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड कार्यालय डंडई के सभागार में की गई। बैठक की अध्यक्षता बीटीएम डंडई अजय साहू के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पीएम किसान के लाभार्थियों को ई केवाईसी कराने हेतु कृषक मित्र एवं प्रज्ञा संचालकों सूची उपलब्ध कराई गई। पूरे प्रखंड में 5261 किसान भाइयों की सूची ईकेवाईसी नहीं होने के कारण , लैंड सीडिंग के कारण या बैंक खाता का आधार से लिंक नहीं रहने के कारण केंद्र से राशि नहीं आ रही है। किसान भाइयों से अपील है कि कृषक मित्र या प्रज्ञा केन्द्र से सम्पर्क स्थापित कर 4 दिनो के अंदर अपना ई केवाईसी करा ले ताकि पीएम किसान की राशि लाभार्थी के खाते में आसानी से आ सके। बैठक में अंचल निरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर अंचल, प्रज्ञा केन्द्र संचालक अखिलेश पासवान, राहुल कुमार गुप्ता, नागेन्द्र प्रजापति, रोहित भारती, शंकर कुमार चौधरी, कृषक मित्र गोरख नाथ चौबे, बलराम सिंह, घुरबीगन बैठा, महेंद्र शाह,, आत्मा राम, शशि भूषण सिंह, नसरुल्लाह अंसारी, श्यामलाल विश्वकर्मा कंप्यूटर ऑपरेटर रामा शंकर ठाकुर, प्रखण्ड बड़ा बाबू (अभय प्रसाद सिन्हा) उपस्थित हुए।

## वार्ड सदस्य का हार्ट अटैक से निधन

**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मझिगांव पंचायत के वार्ड 7 की सदस्य किरण देवी को हार्ट अटैक से हुई मौत,सदाबाह नदी के किनारे हुआ दाह संस्कार। पलामू जिले अंतर्गत पंडवा प्रखंड मझिगाव पंचायत के वार्ड नं 7 की सदस्य किरण देवी की मौत हार्ट अटैक होने से हो गई है उनका अंतिम दाह संस्कार सदाबाह नदी के किनारे किया गया ।उनका मुखाग्नि उनके पति सुनील प्रसाद ने दिया उनकी मौत की खबर पाकर मझिगाव पंचायत के पंचायत समिति सदस्य इंदू देवी ने बताया की किरण देवी बेबाक रूप से अपने आवाज को जनता के बीच रखती थी वह एक सामाजिक महिला थी। वही समाजिक कार्यकर्ता कुणाल कुमार पासवान ने बताया की किरण देवी और उनके घर के सदस्यों में उनकी बीमारी को बेहतर इलाज के लिए काफी प्रयास किया गया लेकिन हार्ट अटैक होने से उनकी मौत हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### गर्मी छुट्टी बढ़ाने की सचिव से की मांग



**रांची।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल तिवारी ने सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड को पत्र लिखिकर राज्य में संचालित सभी विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि विस्तारित कराने की मांग की है। उज्वल तिवारी ने पत्र के माध्यम से सचिव को अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान समय में राज्य के लगभग सभी जिलों में लू एवं चिलचिलाती गरमी चल रहा है। मौसम विभाग द्वारा भी इस संबंध में सूचना प्रसारित है कि आगामी कुछ दिनों तक राज्य में लू एवं चिलचिलाती गरमी चलने की संभावना है, परन्तु राज्य में संचालित कुछ विद्यालयों द्वारा घोषित ग्रीष्म अवकाश की अवधि समाप्त चुकी है एवं विद्यालय में कक्षा का संचालन किया जा रहा है जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव ही पड़ रहा है।

### जल, जंगल व जमीन के लिए फिर उलगुलान की जरूरतः अजय सिंह

**रांची।** भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में धरती आबा बिरसा मुंडा के 123 वीं शहादत पर उन्हें याद किया गया और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कार्यालय सचिव सह जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा के विचारों को झारखंड के सभी बच्चों को बचपन से ही पढ़ाने की जरूरत है और बिरसा के बताएं रास्ते पर चलने की जरूरत है।जिस तरह से राज्य में सीएनटी और एसपीटी एक्ट का खुले आम उलंघन हो रहा है ।उसकी रक्षा के लिए एक और उलगुलान की जरूरत है तभी झारखंड के जल जंगल और जमीन की रक्षा होगी।इस कार्यकर्म में फरजाना फारूखी ,मनोज ठाकुर,सुनील सिंह,श्यामल चक्रबर्ती अनिरुद्ध ,रोहन मोइज खान, संजीत सहित कई लोग शामिल थे।

# विस्थापन से पहले प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की हो व्यवस्थाः डीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार विस्थापन से पहले पुनर्वास की नीति को लेकर दृढ संकल्पित है। इसी क्रम में 09 जून 2023 को नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत रांची स्मार्ट सिटी निर्माण में प्रभावित व्यक्तियों/विस्थापित परिवारों को पुनर्वास अन्तर्गत भूमि बंदोबस्ती पर्चा वितरण किया गया। उपायुक्त सभागार में सचिव, नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग विनय चौबे की गरिमामयी उपस्थिति में 25 प्रभावित/विस्थापित परिवारों में से 22 को पर्चा वितरण किया गया। इस दौरान निदेशक सूडा, अमित कुमार, उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्त्ता रांची राजेश बरवार, अंचल अधिकारी, नामकुम, महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी राकेश कुमार नंद कियोलयर, पीआरओ स्मार्ट सिटी अमित कुमार, प्रबंधक, स्मार्ट सिटी रविशंकर पांडे एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।सचिव, नगर विकास विभाग एवं आवास



विभाग विनय चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी को विस्थापित करने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था की गयी है। 25 प्रभावितों को मकान बनाने के लिए 10-10 डिसिमल जमीन का पट्टा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी प्रभावितों को अंबेडकर योजना की तर्ज पर जुडको लिमिटेड के सीएसआर फंड से आवास का निर्माण कराया जाएगा। इस पर प्रति आवास 130000 खर्च होंगे। इस पर सभी ने एक स्वर पर घर बनाकर दिये जाने की बात कही। सचिव द्वारा आश्वस्त किया गया कि इस दिशा में समेकित रुप से प्रोजेक्ट बनाकर प्रभावितों को लाभ दिलाये जाने का प्रयास किया जायेगा।

**डेविड की शादी पक्की हो गईः,**मकान पट्टा पाकर प्रभावित/ विस्थापित परिवार काफी खुश नजर आये। सभी ने राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। घर टूटने के बाद डेविड आईन्द की शादी रुक गयी थी और पट्टा मिलने के बाद उनकी शादी पक्की हो गयी। डेविड और उनकी होनेवाली पत्नी हलयानी भुईया ने मुख्यमंत्री को जमीन का पट्टा दिये जाने पर धन्यवाद दिया।

**25 प्रभावित परिवारों में से 22 को पर्चा दिया गया, जिनके नाम निम्न हैं:** संतोष तिग्गा,गिन्नी कच्छप, पुनीत किस्पोट्टा, अजय कच्छप,संजय कच्छप, मंजू मिंज, अरविंद टोप्पो,सुनील मिंज , राजेश लिण्डा,फिलिप मिंज,रुपेश मिंज, चंदा मिंज, जयंत आईन्द, नंदिया मिंज,पिरी कच्छप,धनई कुजूर, मधु एक्का, राम जतन साहू,संध्या आईन्द,सरोज आईन्द, प्रभात एक्का,सुशील मिंज तीन प्रभावित बुधु अहिर, अमित कच्छप एवं सोमा संगा के उपस्थित नहीं होने के कारण उनसे मिलकर पर्चा उपलब्ध कराने का निदेश अंचल अधिकारी को दिया गया है।

## झारखंड में 18 जून तक पहुंचेगा मानसून गोड्डा का तापमान पहुंचा 44.6

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में दस दिनों के अंदर मानसून प्रवेश कर जायेगा। मानसून के 18 जून तक पहुंचने की संभावना है। इससे भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि, इसके पहले गर्मी परेशान करेगी लेकिन 11 जून के बाद थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। राज्य में अभी 11 जून तक लू चलने की संभावना है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि आज गोड्डा जिले का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया। सुबह दस बजे 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद देवघर का तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस रहा। पलामू 42.6 डिग्री सेल्सियस, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, साहेबगंज में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची का तापमान इस दौरान 39.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

विभाग के मुताबिक 11 जून तक राज्य के पूर्वी और मध्य क्षेत्र में लू का असर देखा जायेगा। लू से मुख्य



रूप से दुमका, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, बोकारो, रांची, गुमला, हजारीबाग, खूंटी आदि जिलों में लू का असर देखा जायेगा। 11 जून से राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। हालांकि, इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। वहीं, 12 जून से पूर्वी दक्षिणी और मध्य इलाके में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमें मुख्य रूप से दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम आदि जिले शामिल हैं।

## अर्जुन मुंडा ने बिरसा चौक और समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर बिरसा चौक और कोकर स्थित समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रांची : नकली पिस्टल दिखाकर मोटरसाइकिल लूटनेवाले दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** नगडी थाना क्षेत्र के न्यू विधानसभा में घूमने गए रोहन राज से पिस्टल दिखाकर कर मोटरसाइकिल और मोबाइल लूटा लिया गया। रोहन ने इस संबंध में नगड़ी थाना में लिखित शिकायत की थी और बताया था कि जब विधानसभा से वापस रिंग रोड के लौट रहे थे घात लगाए अज्ञात अपराधियों के द्वारा उसका रोयल इंफेलेड जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01ईवाई 076 0 है, पिस्टल दिखाकर लूट लिया। इस घटना के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने ग्रामीण एसपी नौशाद आलम के नेतृत्व में टीम गठित करने और मामले का उद्भेदन करने को कहा गया। ग्रामीण एसपी ने पुलिस उपाध्यक्ष मुख्यालय द्वितीय के नेतृत्व एक टीम गठन किया



गया। जिसमें नगडी थाना प्रभारी के द्वारा छापेमारी की गई। जिसमें से दो युवकों की गिरफ्तारी हुई । पुलिस पूछताछ में बताया गया वे लोग चार लोग थे , इस में से दो फरार हैं, दो युवकों की पहचान गुड्डू उर्फ सद्दाम हुसैन जगन्नाथपुर थाना और दूसरा रमीज रजा पिठोरिया थाना का रहने वाला है। इन लोगों ने घटना को अंजाम दिया। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि सद्दाम के कहने पर एक रमीज के घर से पुआल में छिपा कर रखे बुलेट मोटरसाइकिल, मोबाइल बरामद किया गया है। वहीं बताया गया कि जिस पिस्टल से लूटपाट किया गया था वह पिस्टल नकली है , जो बिल्कुल असली की तरह दिखता है। इस अभियान में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय द्वितीय प्रवीण कुमार, पश्चिमी अंचल रांची राजकुमार यादव और नगडी थाना प्रभारी ओम प्रकाश टोप्पो शामिल है।

## एसएफसी गोदाम में कार्यरत मजदूरों से प्रत्येक बोरा की ढूलाई की मांग करना गलतः सोनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** इंटक के राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता एवं एस.एफ.सी मोटीया मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कोडरमा जिले के जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम सभी प्रखंड के एस.एफ.सी गोदाम में कार्यरत मजदूरों से प्रत्येक बोरा की ढूलाई पर 1 कमीशन मांग रहे हैं जो बिल्कुल अपराधिक मामला है, क्योंकि मजदूर अपने पसीने बहा कर काम करेंगे और अपनी कमाई का हिस्सा से 1 प्रति बोरा जिला आपूर्ति पदाधिकारी को देना संभव नहीं है ।

अतः जिला आपूर्ति पदाधिकारी अपनी दबंगई दिखाते हुए सभी गोदाम में मजदूर हटाने की धमकी दे रहे हैं और कुछ मजदूरों पर मुकदमा



भी कर चुके हैं।

राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री एवं जे.एस.एफ.सी के प्रबंध निदेशक येतेंद्र प्रसाद एवं श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से न्याय की गुहार लगाता हूं । झारखंड के सभी गोदाम को 1 दिन के लिए सामूहिक बंद कर दिया जाएगा।

## आर्मी लैंड स्कैम : अमित अग्रवाल और दिलीप घोष से तीन दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के बरियातू रोड स्थित सेना के जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष से ईडी तीन दिनों तक (72 घंटे) तक पूछताछ करेगी । शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने ईडी को इन दोनों से पूछताछ के लिए तीन दिन ( 72 घंटे )के रिमांड की अनुमति दी। कोर्ट में अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के अधिवक्ता विद्युत् चौरसिया ने रिमांड मांगे जाने का विरोध किया। जबकि



ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने कोर्ट को बताया कि जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वह जमीन घोटाले के सबसे बड़े मास्टरमाइंड हैं। अब तक की जांच में कई ऐसी बातें सामने आयी हैं, जिनके बारे में पूछताछ जरूरी है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने तीन दिनों ( 72 घंटे )की रिमांड की मंजूरी दे दी है। दोनों आरोपितों की पेशी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। इससे पूर्व बीते गुरुवार को ईडी ने इन दोनों से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड कोर्ट से मांगी थी। गुरुवार को कोर्ट में पेशी के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेजा गया था।

उल्लेखनीय है कि इन दोनों की गिरफ्तारी बुधवार को देर रात कोलकाता से हुई थी । रांची के बड़गाई अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री की जांच ईडी कर रही है। इस मामले में अब तक ईडी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## झारखंड के वीरों में बड़ी शक्ति रही है : अनुज सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांचीः** धरती आबा भगवान बिरसा की 123वीं शहादत दिवस के मौके पर रांची के जेल चौक स्थित पुराना जेल परिसर में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा और आदिवासी अधिकार मंच के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि प्रभात खबर के वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने सभा को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला । साथ ही उनके साथ हुई राजनीति और साजिश के तहत उनकी जान लेने की बात कही। यह भी कहा कि झारखंड के वीरों में बड़ी शक्ति रही है, लेकिन दुर्भाग्य रहा कि यहां अपनों ने अपनों को धोखा देने का काम किया है। इसका एक उदाहरण धरती आबा भगवान बिरसा भी है, उन्होंने यह भी कहा कि भगवान बिरसा के जीवनी, संघर्ष और उलगुलान की गाथा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि झारखंड के वीरों की गाथा हर किसी के जेहन में बनी रहे। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में झारखंड राज्य के चतरा, हजारीबाग, जमशेदपुर, सरायकेला, खरसावां, रांची, खूंटी, गढ़वा सहित विभिन्न जिलों से आंदोलनकारी और सामाजिक कार्यकर्ता एवं कलाकार पहुंचे और कई लोगों ने मंच से लोगों को संबोधित किया, तो कई कलाकारों ने अपनी मधुर वाणी से लोगों को मन मोह लिया। मौके अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के संयोजक अजय सिंह, आदिवासी अधिकार मंच की आलोका कुजुर, सामाजिक कार्यकर्ता फरजाना फारुकी, समाजसेवी सह पत्रकार मो. मोइजुद्दीन, फैजिन फातिमा, अमरेश झा, दीपक किस्कू, जयवंती होरो, रूपी उरांव, मार्था तिग्गा, बीरसिंह मुंडा, सुमन डोयराय, एतवा मुंडा, विश्राम डोडराय, बसंती भोक्ता, निशू भोक्ता, मुकेश भगत, प्रियंका देवी, चिंता देवी, अनीता लकडा, डॉक्टर सुरिंदर कौर नीलम, सीताराम उरांव, बुधवा मुंडा दाले उरांव, रोशन होरो सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन एलिस चेरोवा किया और धन्यवाद ज्ञापन रोशन होरो ने की।

## झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य ने पदभार ग्रहण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राँची :** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष पद पर संजय लाल पासवान अध्यक्ष को एवं सदस्य अभिलाष साहु एवं सदस्य गुलाम अहमद गोकुल को बोर्ड का सदस्य का पदभार ग्रहण किया । इस मौके पर अभिलाष साहू सदस्य और गुलाम अहमद सदस्य ने कहा कि आवास बोर्ड की सारी समस्याओं को जल्द किया जाएगा। जरूरतमंद लोगों को आवास मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा। आवास बोर्ड की जमीन पर अगर किसी तरह का अतिक्रमण है तो उसको हटाने का प्रयास होगा। पदभार ग्रहण करने के बाद अमित कुमार प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य आवास बोर्ड के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

## 5 लाख रुपए लूट मामले में युवक गिरफ्तार

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र में बिते महिना जनवरी में हुए पाँच लाख रुपए लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को उड़ीसा से गिरफ्तार किया है। बता दें कि इस पूरे मामले में रांची एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर पुलिस ने बड़ी कारवाई करते हुए लूट की घटना का उद्भेदन किया है। युवक की पहचान अनिल राम के रूप में हुआ है , वह गंजाम का रहने वाला है , उसके पास से करीब ढाई लाख रुपया की बरामदगी की सूचना है। पुलिस लगातार उसे लेकर छापेमारी कर रही है , उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे।

## 21 बच्चों को बनाया हाफिज : तौहीद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** दुनिया में चारों ओर नजर दौड़ाइए और कुरान की बरकत देखिए कि कोई हाफिज, कारी, मुफ्ती, आलिम भूखा तो नहीं सोता है। मैं मदरसा दारुल-कुरान के शिक्षकों को बधाई देता हूं, उनकी कड़ी मेहनत के कारण इक्कीस बच्चों ने कुरान को याद कर हाफिज बने हैं। जब तक ये मदरसे रहेंगे इस्लाम धर्म रहेगा।उक्त बातें दारुल उलूम देवबंद के मौलाना मुफ्ती राशिद ने कही। मदरसा दारूल-क़ुरान हिंदपीढ़ी रांची के बारहवें एक दिवसीय जलसा ए दसतारबंदी में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आलिम का गौरव कुरान की बरकत से पहले भी



था। अब भी है और क़यामत तक रहेगा। जामिया रशीदुल उलूम चतरा शिक्षक हजरत मौलाना मुफ्ती शोएब आलम कासमी, मदरसा मजहरुल उलूम ईरबा के नाजिम और बड़ी मस्जिद के खतीब हजरत मौलाना मुफ्ती मुहम्मद इमरान नदवी,मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष और पत्थल कुदवा मस्जिद के खतीब हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी, हजरत मौलाना डॉ. तलहा नदवी ने संबोधित किया. हाफिज गुफरान द्वारा पवित्र कुरान के पाठ से शुरुआत हुआ। अध्यक्षता हजरत मौलाना मुफ्ती नजर तौहीद ने की और संचालन मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी ने किया।

अतिथियों का स्वागत हजरत हाफिज जुबैर अहमद, हाजी मास्टर इरफान, कारी इदरीस, हाफिज मजहर ने किया। जलसे का समापन्न मुफ्ती राशिद के दुआ पर हुआ। मौके पर कारी इदरीस, हाफिज मजहर,हाफिज दिलदार, कारी इम्तियाज, कारी अब्दुल रज्जाक, कारी अब्दुल हफीज इरफानी, मौलाना सलीम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। अंत में मदरसा के प्रिंसिपल हाफिज जुबैर अहमद ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# ट्रक और चालक सहित दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बिते 30 मई 2023 को संतोष कुमार, पिता आनन्दी प्रसाद सिंह, शिवशक्ति नगर कोकर थाना सदर, जिला- रांची निवासी द्वारा सदर थाना में लिखित आवेदन दिया कि उसका एलपीटी छ चक्का ट्रक रजि0- जेएच ह्1 ईटी 4225 रांची चड्डा पेट्रोल पंप से दुमका जाने के दौरान ही चोरी हो गई है और चालक सुरज भी नहीं है। इसी आधार पर सदर थाना कांड संख्या- 269/23, - 30 मई 2023 धारा-406 / 379 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के आदेश के बाद पुलिस अधीक्षक , नगर रांची शुभांशु के दिशा निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक सदर रांची प्रभात बरवार के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसमें सदर थाना प्रभारी श्याम महतो ने परंपरागत एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर टीम गठित कर बिहार राज्य के पटना से चोरी गयी एलपीटी छ चक्का ट्रक रजि0- जेएचह्1ईटी 4225 को सही सलामत बरामद कर लिया है। साथ ही इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों



को गिरफ्तार किया है। जो सभी अपराधकर्मी इस कांड में अपनी-अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार किए हैं।

**थाना प्रभारी ने बतायाः** थाना प्रभारी श्याम कुमार महतो ने बताया कि गाड़ी में खपड़ा लोड था और रांची से दुमका के लिए चालक सुरज लेकर रवाना हुआ था । इसी बीच की चोरी हो गई, पुलिस अपने स्तर से प्रयास किया और बिहार पहुंची । यह तो किस्मत अच्छी थी की गाड़ी गैराज में कटने से पहले पुलिस ने बरामद कर लिया। वरना कुछ देर और होती तो गाड़ी कट चुकी होती , पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस तरह के वाहन चोरियों में और कौन-कौन लोग संलिप्त हैं।

**गिरफ्तार अपराधकर्मियों का नाम पता :** सुरज कुमार , थाना टिल्हार, खुसरूपुर, जिला- पटना (चालक) बिहार, रहिरा कुमार, युद्धाचक थाना फतुहां, जिला- पटना, बिहार और मुकेश कुमार यादव, कुर्जी कोठीया, विकास नगर थाना- दिघा, जिला पटना बिहार को गिरफ्तार कर रांची ले आयी है।

**बरामद समानों की विवरणी :** एलपीटी छ- चक्का ट्रक रजि जेए1ईटी 4225 बरामद किया है।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी / कर्मी :** पुनि श्याम किशोर महतो, थाना प्रभारी, सदर थाना, रांची।

पुअनि प्रकाश कुमार सिंह, रांची । आ0 / 623 संजय राम, पुलिस केन्द्र रांची। आ0/ 106 संजय उरांव, पुलिस केन्द्र रांची शामिल है।

## हमारी प्रेरणा के श्रोत हैं बिरसा मुण्डा : बंधु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा न केवल हमारी प्रेरणा के श्रोत हैं, बल्कि उनके बताये रस्ते पर चले बिना संपन्न झारखण्ड का सपना और झारखण्ड के लोगों की खुशहाली असम्भव है।शहीद बिरसा मुण्डा की 123 वी पुण्यतिथि पर राजधानी के बिरसा मुण्डा समाधि स्थल पर माल्यार्पण के बाद तिर्की ने कहा कि धरती आबा के सपनों के अनुरूप



झारखण्ड के निर्माण के मार्ग पर हम चल तो रहे हैं पर उसके लिये बहुत कुछ करना बाकी है और हमारी गति बहुत धीमी है। तिर्की ने कहा कि प्रदेश कि गठबंधन सरकार, झारखण्ड के लोगों के हित में काम कर रही है लेकिन समस्यायें और चुनौतियाँ बहुत विशाल व व्यापक है इसलिये सरकार को अपनी गति बहुत अधिक बढ़ानी होगी।

## रियलमी ने 23,999 रु. के शुरुआती मूल्य में रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी का किया अनावरण




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नॉलॉजी ब्रांड और सबसे विश्वसनीय सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी फ्लैगशिप नंबर सीरीज़ में अपनी नई रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी की घोषणा की जिसकी शुरुआती कीमत 23,999 रु. है। रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी में दो स्मार्टफोन पेश किए गए हैं- रियलमी 11 प्रो+ 5जी और रियलमी 11 प्रो 5जी। रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी में 200 मेगापिक्सल का प्रो-लेवल सुपरज़ूम कैमरा है, जो टेक्नॉलॉजी के मामले में बड़ी पहल करते हुए यूज़र्स को परफॉर्मेंस, शानदार फीचर्स, अत्याधुनिक इनोवेशन एवं गहन यूज़र अनुभव के साथ बेहतर अनुभव प्रदान कर रहा है। रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी द्वारा यूज़र्स को सर्वश्रेष्ठ प्रीमियम अनुभव, प्रदान करने के लिए रियलमी डिज़ाईन स्टूडियो ने मशहूर पूर्व गूची प्रिंट एवं टैक्सटाईल डिज़ाईनर, माटियो मेनोटो के साथ गठबंधन किया है। इस लॉन्च के बारे में श्रीहरी, प्रोडक्ट मैनेजर, रियलमी इंडिया ने कहा, 'हमारी रियलमी नंबर सीरीज़ को भारत एवं विश्व में हमारे ग्राहकों ने शुरू से ही काफी प्यार व स्नेह दिया है। रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी इनोवेशन और डिज़ाईन की उत्कृष्टता की ओर हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करती है। हम अगले 5 सालों में मिड प्रीमियम सेगमेंट में नं. 1 स्मार्टफोन सीरीज़ बनना चाहते हैं। रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी इस विरासत को आगे बढ़ा रहा है और यूज़र्स को उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर लीप फॉरवर्ड अनुभव प्रदान कर रहा है।

## कुचाई प्रखंड कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बाल- बाल बचे प्रखंड कर्मी



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। जिससे प्रखंड में अफरा तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कुचाई प्रखंड मुख्यालय के प्रवेश हॉल पर लगी मुख्य पैनल बॉक्स में ओवर लोड होने से शॉर्ट सर्किट हुआ व आग लग गई। आग धू-धू कर जलने लगी। मौके पर प्रखंड अंचल व मनरेगा कर्मियों ने कड़ी मशक्कत व सतर्कता के साथ आग को काबू किया। मालूम हो कि शॉर्ट सर्किट से कुचाई प्रखंड मुख्यालय को बहुत बड़ी अप्रिय घटना के साथ काफी नुकसान को कर्मियों के द्वारा बचा लिया गया। वहीं शॉर्ट सर्किट होने से प्रखंड मुख्यालय में बिजली ठप हो गई।

## पटमदा में भाजपाइयों ने दी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला कार्यसमिति सदस्य शरत सिंह सरदार के नेतृत्व में शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर पटमदा के बेलटांड़ (बिरसा चौक) में बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर शरत सिंह सरदार ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा अमर रहे का नारा लगाए। मौके पर भाजपा पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, सुभाष माहली, कृष्णपद सिंह, राखहरि सिंह, चन्दन सिंह, शत्रुघन सिंह, दीनबंधु सिंह, बुद्धेस्वर मुर्मू, कालीराम सिंह, संतोष कुमार सिंह, अमर सिंह, जितुलाल मुर्मू, सुमित अग्रवाल, बलराम सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 101 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच कर दी गई स्वास्थ्य संबधी जानकारी



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल सरायकेला में शुक्रवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत एएनसी जांच शिविर आयोजित कर 101 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नकुल प्रसाद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत जिले के सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह एएनसी जांच शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। जांचोपरांत उन्हे गर्भ के दौरान खानपान एवं बरतने वाली अन्य सावधानियों की जानकारी दी जाती है।जांच के दौरान गर्भ संबंधी किसी तरह की समस्याओं पर सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड भी किया जाता है। सदर अस्पताल में डॉ अनुपमा कुमारी मेडिकल टीम के साथ प्रसव पूर्व जांच शिविर का संचालन किया।

## मंडल अध्यक्ष के माता के स्वास्थ्य की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचे रघुवर दास




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जनसंघ काल से पार्टी को सींचने वाले बिरसानगर निवासी जय नारायण सिंह एवं भाजपा बारीडीह मंडल के अध्यक्ष संतोष ठाकुर की मां का टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां शुक्रवार को उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास टाटा मोटर्स अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने डॉक्टरों से इलाज संबंधी विचार-विमर्श किया और उनके बेहतर इलाज के लिए विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने जयनारायण सिंह एवं बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर के माताजी के शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना की। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश सिंह, भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर, बारीडीह मंडल महामंत्री कुमार अभिषेक व अन्य मौजूद रहे।

### जिला परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई कुष्ठ रोगी खोज अभियान के जिला समन्वय समिति की बैठक

# शरीर में किसी प्रकार का दाग दिखे तो जांच कराएं, हो सकता है कुष्ठ रोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कुष्ठ रोग खोज अभियान के जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिला सभागार में जिला परिषद अध्यक्षा बारी मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित हुई । जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, जिला यक्ष्मा सह लेप्रोसी पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय धावड़िया, कुष्ठ रोग परामर्शी डॉ राजीव लोचन महतो तथा सभी एमओआईसी उपस्थित रहे। कुष्ठ रोग खोज अभियान-2023 के अंतर्गत नये कुष्ठ रोगियों को खोज करना और उनको नियमित पूरा उपचार कराना है। इस अभियान के लिए कुल 486366 परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए 2354 टीमें कार्य करेंगी। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र के लोग झाड-फूंक का सहारा लेने लगते हैं, ऐसे में यह अभियान काफी जरूरी है जहां सफेद दाग दिखने पर लोगों की जांच करते हुए ससमय उपचार शुरू कर कुष्ठ रोग से ग्रस्त होने से बचाया जा सके। जिला कुष्ठ परामर्शी ने बताया कि इस अभियान में सहिया तथा पुरूष स्वेच्छिक कार्यकर्ता एक दल बनाकर खोजी अभियान के दौरान निर्धारित चौदह दिनों में माइक्रो-प्लान के अनुसार शत प्रतिशत घर-घर जाकर दो वर्ष से ऊपर की आयु के प्रत्येक सदस्यों (महिलाओं का सहिया के द्वारा तथा पुरुषों का पुरूष कार्याकर्ता द्वारा) पूरे शरीर की जांच करेंगे । जिले में 2019 से मई 2023 तक कुल 1832 कुष्ठ रोगी चिन्हित किए गए जिनमें 1674 लोगों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया वहीं कुष्ठ रोग के कारण 105 लोग दिव्यांग की श्रेणी में पाये गए । जनसाधारण से अपील है कि वैसे लोग जिनके शरीर में किसी प्रकार का दाग दिखे तो जांच कराते हुए अपनी शंका मिटायें तथा अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करा सकते हैं, इलाज निःशुल्क उपलब्ध है।

## पटमदा में झामुमो नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** धरती आबा बिरसा मुंडा की शहादत दिवस के अवसर पर शुक्रवार को झामुमो पटमदा प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष अश्विनी महतो के नेतृत्व में पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा स्थित बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा अमर रहे का नारा भी लगाया। इस दौरान संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि बिरसा मुंडा के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने जल, जंगल व जमीन के रक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, सुजीत महतो, मंटु महतो, माणिक महतो, जगदीश महतो, मनोज कर्मकार, संजय सिंह व गोपाल महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## एआईटीए मेन्स नेशनल रैंकिंग 1 लाख प्राइज मनी टेनिस में अथर्व शर्मा ने डबल क्राउन हासिल किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के सिंथेटिक कोर्ट में आयोजित टाटा स्टील एआईटीए मेन्स नेशनल रैंकिंग 1 लाख प्राइज मनी टेनिस टूर्नामेंट 2023 में महाराष्ट्र के अथर्व शर्मा ने डबल क्राउन हासिल किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त अथर्व शर्मा को पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में युवा अर्नव विजय पापरकर को हराने में ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा क्योंकि पूर्व ने 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। एकल के लिए 20 राष्ट्रीय रैंकिंग अंक हासिल करने के बाद, शर्मा अर्नव के साथ आगे बढ़े, उन्होंने पुरुष युगल खिताब भी जीता, क्योंकि उन्होंने ओडिशा के प्रत्यूष मोहंती और छत्तीसगढ़ के शौर्य माणिक की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चाणक्य चौधरी, वीपी कारपोरेट सर्विसेस उपस्थित थे। वहीं आर एन मूर्ति भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा मुकुल विनायक चौधरी, हेमंत गुप्ता, आनंद मेनेजेस, सीनियर कोच एथलेटिक्स, ऋषि, टूर्नामेंट पर्यवेक्षक, एआईटीए, बिपुल कुमार, तकनीकी निदेशक और अन्य उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुंडा के 123वें शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** भगवान बिरसा मुंडा के 123वें शहादत दिवस पर विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर झारखंड मजदूर यूनियन के सदस्यों ने गम्हरिया स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उपस्थित यूनियन के जिलाध्यक्ष मजदूर नेता सुनील गोराई ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अंग्रेजों के खिलाफ उनके द्वारा किए गए विद्रोहों को विस्तारपूर्वक बताया। इस दौरान उमेश महतो, राज महतो, संजय गोराई, सागर खण्डित, प्रफुल्ल महतो, मुकेश महतो आदि भी उपस्थित थे।



वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फुलकान्त झा के नेतृत्व में बड़ा गम्हरिया बस्ती में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

## आजसू पार्टी ने भगवान बिरसा मुंडा की 123 वीं जयंती मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** आजसू पार्टी की एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रूप सिंह मुंडा के नेतृत्व में कुचाई प्रखंड क्षेत्र के दलभंगा में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री मुंडा ने स्वतंत्रता आंदोलन को धार देने और आदिवासी समाज के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करने में उनके योगदान को याद किया। साथ ही श्री मुंडा ने बिरसा मुंडा को देश का महान सपूत बताया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार साह, बसंत कुमार महतो, संजय सोय, कुलदीप बोयपाई, आलोक डे, श्यामलाल सोय, गुरुचरण हेंब्रम, बेरगा सोय, गंगा राम मुंडा, कांपडो प्रधान, पंकज प्रधान, मनोज ताईसुम आदि उपस्थित थे।

### स्वर्णरेखा बहुद्देश्यीय परियोजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

# पाइप लाइन बिछाने आए जेसीबी को खदेड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के दुग्धा पंचायत अंतर्गत खुचीडीह में शुक्रवार को स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के कार्य का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीणों ने पारंपरिक हथियार तीर धनुष के साथ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विदित है कि ग्रामीणों ने पाइप लाइन बिछाने के लिए किए गए खुदाई का पूर्व से ही विरोध कर रहे है। आज उन्होंने विरोध करते हुए कार्य को रोक दिया। साथ ही, खुदाई कराए जा रहे



जेसीबी से ही गड्ढे को भरा कर जमीन समतलीकरण करा दिया गया। इस दौरान मौजूद मांझी बाबा वीरधान मांझी ने बताया कि ग्राम सभा किए बगैर ही पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है जो गलत है और इसे स्थानीय आदिवासी- मूलवासी कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मौके पर उपस्थित आदिवासी-मूलवासी भूमि रक्षा मोर्चा के अध्यक्ष सह मुख्य सलाहकार संग्राम मार्डी ने बताया कि बीते गुरुवार से ही पाइप लाइन के लिए खुदाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। ग्रामीणों को इसकी सूचना मिलते ही वे विरोध पर उतर आए और कार्य बंद करा कर खुदाई कर रहे जेसीबी को खदेड़ कर भगा दिया। इस मौके पर भरत हांसदा, शिवनाथ बेसरा, भागवत बास्के, वार्ड सदस्य रुकमणी हांसदा, जलसाहिया सुनीता मंझियान, स्वास्थ्य साहिया साकरों मांझी, सुंदर बास्के, मोहन बास्के, सुराय सोरेन, कालीचरण हांसदा, राहुल बास्के, हरीश सरदार, बुद्धेश्वर हांसदा समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## नौजवानों को एकत्र करने के संकल्प दौरा में नीमडीह पहुंचे टाइगर जयराम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर टाइगर जयराम महतो पूरे प्रदेश के नौजवानों को एकत्रित करने के संकल्प लेकर दौरा में निकल चुके हे। दौरा का पहला दिन ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी पंचायत के सांसद भवन में आंदोलनकारी युवाओं के विधानसभा चुनाव के लिए विशेष बैठक बुलाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए टाइगर जयराम महतो ने कहा वर्तमान सरकार और राज्य के गठन के बाद जितने भी सरकारें आए हमेशा से यहां के आदिवासियों, मूलवासियों के लिए कब्र ही साबित हुई है। युवा जो देश के भविष्य होते हैं उनके हित में नीति न बनाकर बाहरियों को नौकरियां बेच रहे हैं, खनिज संसाधनों के लगातार लूट, सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी अपने मनमर्जी काम करते हैं। इतने आंदोलन के बावजूद सरकार हमें और हमारे विचारों को दबाने के लिए सरकार लाठीचार्ज



तक कराए। अब उसी का जवाब देने के लिए हमलोंग चुनाव को लेकर विगुल फूंक दिया है, जिसका पहला रुझान एमपी में ही देखने को मिलेगा। पूरे क्षेत्र के लोगों द्वारा एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ विधानसभा में जागरूक करने हेतु सहमति जताए। मौके पर फूलचांद महतो,गोपेश महतो,विष्णु महतो, चिरंजित महतो, सुदामा महतो, शिमंत प्रामाणिक, झिमड़ी पंचायत के मुखिया एवं उप मुखिया सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए।

## कांग्रेस नेता अंसार ने दारेन एकेडमी का किया दौरा, बच्चों से मिले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को दारेन अकैडमी अंडर रजा फाउंडेशन के संस्थापक सह जाकिर नगर मदीना मस्जिद के इमाम मुफ्ती अब्दुल मालिक रोड नंबर 13 ज़ाकिर नगर मानगो में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने दारेन अकैडमी में पढ़ने वाले बच्चों और टीचरों से मुलाकात किया। दारे एकेडमी में हिफज कुरान के साथ-साथ इंग्लिश मीडियम मैट्रिक की तालीम भी दी जाती है। मौलाना



अंसार खान ने सभी बच्चों को बताया कि तालीम वह चीज है, जिससे आप ही के बीच में पढ़कर कोई पुलिस ऑफिसर कोई वकील कोई डॉक्टर बनकर अपने मां-बाप और अपने देश का नाम रोशन करेंगे। अंसार खान ने दारेन अकैडमी के संस्थापक मुफ्ती अब्दुल मालिक साहब का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर टीचर मौलाना हाफिज, इम्तियाज मिस्बाही, कारी मोहम्मद मुजम्मिल, हाफिज मुसद्दीक, मास्टर मोहम्मद आफताब, मास्टर जियाउल हक, मास्टर अल्ताफ, मास्टर सुपर सोरेन इत्यादि।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शैक्षणिक वातावरण मुहैया कराना हमारा सिद्धांत : डॉ. मोहम्मद रेयाज

### करीम सिटी कॉलेज (मानगो) ने अपने टॉप-टेन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, मानगो कैम्पस में आज इंटरमीडिएट सत्र 2021-2023 के विज्ञान,वाणिज्य तथा कला संकाय के टॉप टेन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज, इंटरमीडिएट इंचार्ज डॉ एस के अनवर अली तथा परीक्षा नियंत्रक सैयद महफूज आलम ने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने



विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए यह बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में प्रकाश की किरण आती है जो उनको आगे बढ़ने के लिए राह दिखाती है। कॉलेज के शीर्ष दस में स्थान बनाना यह केवल मात्र विद्यार्थियों की उपलब्धि नहीं है, बल्कि कॉलेज के लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षणिक वातावरण मुहैया कराना, करीम सिटी कॉलेज का सिद्धांत रहा है और इसी सिद्धांत का नतीजा है कि विज्ञान संकाय से जिला स्तर के शीर्ष पांच विद्यार्थी करीम सिटी कॉलेज से हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकाय के इंचार्ज क्रमशः मोहम्मद शहनवाज़ आलम, मोहम्मद फिरोज़ खान एवं महज़बीन नाज़ सिद्धकी का अहम योगदान रहा है। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

## राज्य सब जुनीयर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने सरायकेला जिला टीम हुई रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कल से राजराप्पा स्टेडियम, रामगढ़ जिला में आयोजित होने वाले प्रथम झारखंड राज्य सब जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए सरायकेला खरसावां जिला के 24 सदस्यों वाली एथलेटिक्स टीम की घोषणा किया गया। जिसमें जिला के निम्न एथलीट भाग लेंगे - टीम के कप्तान विश्वजीत महतो होंगे तथा टीम इस प्रकार हैं - अंडर14 बालक वर्ग- सुचांद महतो, भगीरथ महतो, सुदेश सिंह भुण्डा, लक्ष्मण पुर्ती, शशीकांत सिंह मुण्डा, आकसात कुमार महतो। अंडर 14 बालिका वर्ग - स्मृति कुमारी,काजल कुईरी,लिया सिंह मुण्डा,स्वीटी कुमारी। अंडर 16 बालक वर्ग - मिलन सोय,सागर मुर्मू, विनोद सिंह मुण्डा, उमेश तांन्तुबाई,तापस कुमार पाण्डेय। अंडर 16 बालिका - रानी कुमारी, पुनम महतो,मनिका महतो, सरिता महतो, लक्ष्मी सिंह मुण्डा, प्रियंका महतो, लखी रानी महतो, सेनुका महतो हैं। कोच की भूमिका में दामोदर जामुदा, वहीं मैंनेजर की भूमिका में प्रिती कुमारी टीम के साथ जाएंगे। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सिकंदर महतो ने सभी एथलीटों को जानकारी तथा शुभकामनाएं दिए तथा जिला टीम आज शाम 3:30 टाटा बड़काखाना ट्रेन से कांड्रा स्टेशन से रवाना हुए।

**संक्षिप्त खबरे**

### पीटीआर क्षेत्र से आधी रात को बीड़ी पत्ते का परिवहन जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** पीटीआर क्षेत्र के हर कोने यहां तक के प्रखंड मुख्यालय से महज दो किलोमीटर की दूरी पर अवैध बीड़ी पत्ते का बोरा कस्ती, भण्डारण कार्य जोरों पर है पर उसे वनकर्मियों द्वारा सुरक्षित देखा जा रहा है। वहीं अवैध बीड़ी पत्ते की तोड़ाई से राज्य सरकार को लाखों के राजस्व की नुकसान हो रहा है। अधिकारिक सूत्रों की माने तो बीती रात लगभग 2:30 बजे अवैध बीड़ी पत्ते से लदे ट्रक को चमरडीहा 17 सी रेलवे फाटक के पास देखा गया जिसे लेकर क्षेत्र के प्रतिनिधियों के द्वारा ठीक उसी समय वन विभाग के साथ प्रखंड प्रशासन को दूरभाष पर सूचना देने की कोशिश की गई पर किसी ने फोन रिसीव नहीं किया।अब सवाल उठता है कि बभण्डीह वन विभाग चेक नाका से ट्रक कैसे निकला फिर रेलवे फाटक पार कर केचकी चेक नाका से ट्रक को कैसे जाने दिया।

## भगवान बिरसा मुंडा की 123 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर दिन शुक्रवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा चंदनडीह पार्क स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।मौके पर उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का अदम्य साहस, समर्पण और बलिदान से हमें प्रेरणा लेना चाहिए और समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। उनके शौर्य, साहस व पराक्रम को हम सभी नमन करते हैं।मौके पर उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा बिरसा, एनडीसी बंधन लांग, कार्यपालक दंडाधिकारी श्रेयांश, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार, अंचल पदाधिकारी, लातेहार ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।



## लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने को लेकर हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता मेंलंबित योजनाओं को पूर्ण करने को लेकर बैठक हुई। बैठक में बीडीओ सह सीओ प्रतिमा ने सभी पंचायत सेवक और रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मियों को प्रखंड क्षेत्र में संचालित 660 लंबित योजनाओं को अविलम्ब पूर्ण कराने का निर्देश। मनरेगा एवं 14 वें वित्त योजनाऐंबारियातू। प्रखण्ड सभागार में बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सभी रोजगार सेवक व पंचायत सेवक सामिल हुए। इस बैठक में प्रतिमा ने सभी पंचायत सेवक और रोजगार सेवक को प्रखंड क्षेत्र में संचालित 660 लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश। मनरेगा एवं 14 वें बीत योजना, बागवानी हेतु गड्ढा पुर्ण कराने, मनरेगा के तहत काम करने वाले मनरेगा मजदूरों को 95 दिन का डिमांड भरना, 2020-21से लंबित योजनाओं कार्य को पूर्ण करने पर विचार विमर्श किया गया साथ ही पंचायत फंड मे बचे राशि को खर्च करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बीपीओ रवि यादव, पीएमआवास कॉर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर, रोजगार सेवक अजाद वर्मा नईम खान, संतोष यादव, अविनाश पाठक, शिव प्रसाद जनसेवक अरविंद कुमार, पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद, पंकज पांडेय सहित कई प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर माल्यार्पण कर किया शत शत नमन



**चतर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत जिले के अधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें शत शत नमन किया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्र के प्रति भगवान बिरसा मुंडा के प्रेम से हमें प्रेरित होने की जरूरत है। जीवन में पहले राष्ट्र, फिर स्वयं की भावना होनी चाहिए। सशक्त सुंदर राष्ट्र के निर्माण के लिए धरती आबा के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है।

## भारी मात्रा में बीड़ी पत्ता जब्त, कारोबारियों में हड़कंप



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के प्रतिबंधित वन क्षेत्र से अवैध बीड़ी पत्ता की तुड़ाई को रोकने के लिए वन विभाग हुआ सक्रिय, वन विभाग ने छिपादोहर पूर्वी वनक्षेत्र के हेहेगड़ा से भारी मात्रा में किया अवैध बीड़ी पता जब्त, डीएफओ प्रजेशकान्त जेना को मिली इनपुट के आधार पर नव प्रोनन्त रेंजर नन्दकुमार मेहता की अगुवाई वाली टीम को मिली सफलता इसके पहले छिपादोहर के जुरूहार से जब्त किया था अवैध बीड़ी पत्ता, वन विभाग की लगातार हो रही कार्रवाई से बीड़ी पत्ता माफियाओं में हड़कम्प।

## अफीम तस्करों पर पुलिसिया शिकंजा नशे के खेप के साथ चार गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** अफीम तस्करों के विरुद्ध पुलिस को बड़ी कामयाबी हांथ लगी है। 4 किलो 600 ग्राम अफीम, दो क्विंटल 18 किलो डोडा, एक ग्राम ब्राउन सुगर व दो एल्युमिनियम पन्नी के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित सदर और राजपुर थाना पुलिस की विशेष टीम को कामयाबी हाथ लगी है। सदर थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के विंड मोहल्ला नउवा टोली में ब्राउन सुगर खरीद बिक्री व उपयोग को लेकर तस्करों का एक गिरोह सक्रिय है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीम बनाकर अभियान चलाया गया। इस दौरान एक ग्राम ब्राउन सुगर व एल्युमिनियम पन्नी के साथ चार तस्करों मो साजिद, मो रिजवान, मो छोटू व मो आलम को दबोचा गया है। सभी गिरफ्तार तस्कर शहर के अंसार नगर व वादी ए ईरफा मोहल्ले के रहने वाले हैं। वहीं राजपुर थाना क्षेत्र के बनियाबांध गांव से 4 किलो 600 ग्राम अफीम, दो क्विंटल 18 किलो डोडा बरामद किया गया है। हालांकि यहां तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। जिनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही फरार तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। अभियान में सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक दीपक रजक, सहायक अवर निरीक्षक महेंद्र ठाकुर व गोकरण कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## आगजनी व मारपीट के मामले में टंडवा पुलिस के हत्थे चढ़ा एक और उग्रवादी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के ग्राम फुलवरिया स्थित कढ़नी नदी पर रेलवे लाइन पुल का निर्माण कार्य में लगे आई एस सी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पोकलेन मशीन को विगत 31 मई कि रात में कुछ अज्ञात उग्रवादियों के द्वारा आग के हवाले करते हुए वर्करों के साथ मारपीट किया गया था। जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक चतरा राकेश रंजन के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा शंभू सिंह के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन करते हुए सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही में टंडवा पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से घटना के महज चार दिनों के अंदर ही घटना को अंजाम देने वाले दस से बारह अपराधियो में से तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी सिलसिले में चल रहे पुलिस के द्वारा शेष अपराधियो के धर पकड़ अभियान में गुरूवार को एक और अपराधी की गिरफ्तारी की गई है गिरफ्तार अपराधी गणपत गांझु उर्फ सरपंच गंजू पिता विशुन गंजू ग्राम मरंगलोइया थाना टंडवा का रहने वाला है। इसके विरुद्ध बालुमात थाना में आर्म्स एक्ट मामला में प्राथमिकी दर्ज है एवम् पूर्व में भी जेल जा चूका है। इस घटना में गठित एसआईटी टीम के द्वारा निरंतर गिरफ्तारी को लेकर अभियान जारी है। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले की दी विस्तृत जानकारी।

## बिजली विभाग की मनमानी से जनता परेशान

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बिजली की आपूर्ति की बात करे तो बहुत दयनीय स्थिति है रात्रि होते है कि मनमानी शुरू हो जाती है। वहीं महुआडांड़ की आम जनता बिजली से वर्षो से परेशान रही है। आज भी झेल रही है। वहीं ग्रामीण का कहना है कि बिजली विभाग सिर्फ बिल लेने जानती है। अगर बिजली की समस्या दूर कर बिल की बात करती तो आज जनता खुश रहती। बिजली विभाग सिर्फ़ ये कह कर अपना पल्ला झाड़ लेता है कि आगे से लाइट नहीं है।

## बिरसा मुंडा की 123 वीं पुण्य तिथि मनाई गई

**महुआडाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडाड़ में बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर शुक्रवार को महुआडाड प्रखण्ड के बिरसा चौंक स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा विरसा जी के प्रतिमा माल्यार्पण और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रतिनिधि सदस्य मो इस्तेखार अहमद के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि बिरसा चौक पर मनाई गई इस कार्यक्रम मे अजित पाल कुजुर, रामनरेश ठाकुर, कंचन कुजूर, अभय मिंज, मंदिप मिंज, बिनोद खलखो, प्रवीण लकडा, सुषमा कुजूर, उषा खलखो किशोर तिर्की, कोमल किण्डो, मो सुहेल के द्वारा विरसा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया सभी लोगों ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए भगवान बिरसा मुंडा जी अंग्रेजो के खिलाफ शोषित वर्ग को उन्होंने मुक्त करने का प्रयास किया आज उनके बताए हुए मार्ग पर सभी चलने का संकल्प लिया।

## बरवाडीह गांव की बेटी की छत्तीसगढ़ में हुई हत्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** थाना अंतर्गत बरवाडीह गांव की 24 वर्षीय लड़की कि की गई हत्या। शव छत्तीस गढ़ से उनके परिजनों ने अपने घर लाया ग्रामीणों ने बताया की पांच साल पहले उसकी शादी कान्हाचटी प्रखंड के कोल्हैया गांव में हुई थी ।लड़की के बरवाडीह गांव का ही एक मनचला प्रवृत्ति का लड़का मोहमद असीम, पिता मोहमद नसीर ने अपने और लड़की को आकर्षित कर लड़की को अपना ससुराल छुड़वा दिया और मोहमद असीम लड़की के घर के सर्व सहमति व तिलक दहेज समेत शादी कर छत्तीस गढ़ में रह रहे थे लड़की के दो बच्चे भी है। परिजनों का कहना है की मो. असीम और जबीना खातून ,पिता मोहमद रहमान के बीच जबिना को छोड़ दूसरी शादी को ले कर अनबन चल रहा था इसी के बीच मेरी बेटी जबीना की असीम ने हत्या कर दी। ग्रामीणों में अभी काफी आक्रोश का माहोल बना हुआ है। ग्रामीणों ने आक्रोश में असीम के घर को भी तोड़ फोड़ किया लेकिन पत्थलगड़ा थाना प्रभारी सुनील सिंह आकर सभी को शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा छत्तीस गढ़ पुलिस ने मो.असीम को गिरफ्तार कर सलाखों के अंदर भेज दिया है।

## भाजपा सांसद व विधायक पहुंचे गिद्धौर महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम में हुए शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखण्ड के चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सुनील कुमार सिंह सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास शुक्रवार को गिद्धौर पहुंचे। और महाजनसंपर्क अभियान के तहत चलाए जा रहे कई कार्यक्रम में प्रखंड कार्यकर्ताओं एवं प्रखंड वासियों से मुलाकात कीए। तत्पश्चात प्रखंड मुख्यालय बरटा रोड स्थित पार्टी कार्यालय जाकर आदरणीय नेतागण, कार्यकर्तागण और अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात किया। व ग्रामीणों से भेंट किया। साथ ही साथ सभी लोगों को चतरा में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के आगमन पर कार्यक्रम में सभी लोगों को भाग लेने की बात कही।मोके में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार एवं सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव महादेव दांगी प्रीतम यादव एवं दर्जनों ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गैर आवासीय महिलाओं का लोकेश का परीक्षण का हुआ समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारियातु कलस्टर में जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं का गैर आवासीय चार दिवसीय लोकेश एप परीक्षण का शुक्रवार को समापन हुआ। यहां प्रक्षिक्षण बिपीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण में कुल 28 महिलाएं उपस्थित थी। प्रशिक्षुक सेजल कुमारी सुनीता देवी अजय कुमार सिंह दिलीप कुमार अरुण कुमार थे। लोकेश ऐप के माध्यम से सभी दीदियों को सुकृति तथा इसके समाधान को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण ले रहे महिला उषा देवी सुमन देवी शीला देवी गायत्री देवी अनेकों महिला उपस्थित थी।

## सांसद के सौजन्य से लगाई गई सोलर लाइट



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह मंडल के नव पंचायत केचकी, पोखरी कलां बेतला, मंगरा, बरवाडीह, खुरा छेचा, मोरवाईकला, उकामाड़ समेत कई जगहों पर चतरा लोकसभा के माननीय सांसद सुनील सिंह के सौजन्य से बरवाडीह मंडल के सभी 53 बूथों समेत धार्मिक, एव सार्वजनिक जगहों पर सोलर लाइट लगवाया गया द्य इस दौरान मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मण्डल उपाध्यक्ष सखीचंद प्रसाद, मनोज यादव, प्रवीन कुमार, पारस जायसवाल, दीपक तिवारी ,नंददेव सिंह, विकाश सिंह, मनोज प्रसाद, उपप्रमुख बीरेंद्र जायसवाल, राजेंद्र सिंह, विवेक सिंह, उपेंद्र प्रसाद कैलाश सिंह, कृष्णा यादव, सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## आम्रपाली कोल परियोजना में रेलवे साइडिंग निर्माण हेतु फर्जी एनओसी के निरस्त करने ग्रामीणों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

### फर्जी ग्राम सभा व एनओसी रद्द हो, जान देंगे पर जमीन नहीं : ग्रामीण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** प्रखंड में संचालित परियोजना में जालसाजी व फर्जीवाड़ा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जमीन घोटाले मामले में ईडी के कार्रवाई के बाद भी अधिकारियों को नींद नहीं खुली है। सरकारी भूमि घोटाले का मामला तरह-तरह का फर्जीवाड़ा करने का प्रकाशन में आ रहा है।गांव में दलालों के बदौलत अधिकारियों और कोल कंपनी के अधिकारी मिलीभगत से फर्जीवाड़ा का अंजाम दिया जा रहा है। इस मामले में सेरनदाग के ग्रामीणों की एक दल चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह से मुलाकात किया। अम्रपाली कोल परियोजना में रेलवे साइडिंग निर्माण हेतु फर्जी ग्राम सभा करके फर्जी अनापत्ति पत्र एनओसी का प्रस्ताव लेने संबंधी ग्रामीणों ने ज्ञापन सौपा। जिसमें फर्जी ग्राम सभा एवं एनओसी रद्द करने का ग्रामीणों ने सांसद से मांग किया। साथ ही फर्जी तरीके से ग्रामसभा करके अनापत्ति पत्र देने वाले मास्टरमाइंड पर कार्रवाई का मांग किया है। कहा हम ग्रामीण जान देंगे पर जमीन नहीं। इसके पूर्व भी स्थानीय मुखिया वन सुरक्षा समिति, ग्रामीणों का एक दल चतरा उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर अतिशीघ्र दिनांक 18 मई 2023 को हुई ग्राम सभा एवं अनापत्ति पत्र (ह्.ह्.ष्ट)के प्रस्ताव को रद्द करते हुए उच्च स्तरीय जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। **क्या है मामला :** सेरनदाग स्थान मध्य विद्यालय सेरनदाग में दिनांक 18 मई 2023 को अंचलाधिकारी टंडवा के ज्ञापन 614 दिनांक 12/05/2023 के आदेशानुसार ग्राम सभा अम्रपाली कोल परियोजना में रेलवे साइडिंग निर्माण हेतु किया गया। जिसमे प्रवेक्षक हल्का 03 के कर्मचारी, अंचल निरीक्षक, अमीन भी सामिल हुए और फर्जी तरीके से बैठक पंजी बनाकर दूसरे गांव के ग्रामीणों का हस्ताक्षर कर प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक पंजी में हस्ताक्षरित एक भी व्यक्ति ग्राम सेरनदाग के निवासी नहीं है। इसके साथ ही किसी भी ग्रामीण तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा एवं स्थानीय वार्ड सदस्यों के द्वारा भी ग्रामसभा होने की पुष्टि नहीं की गई। वही ग्राम पंचायत मुखिया श्रीमती सरिता कुमारी के द्वारा बताया गया कि दिनांक 18 मई 2023 को मध्य विद्यालय सेरनदाग में रेलवे साइडिंग हेतु हुई ग्राम सभा में मेरा हस्ताक्षर एवं मोहर फर्जी है मेरी जानकारी में या मेरे उपस्थिति में कोई ग्रामसभा नहीं हुई है। वन अधिकारी समिति के अध्यक्ष श्री हीरालाल साहू ने बताया कि 18 मई 2023 को मेरे उपस्थित में कोई ग्राम सभा का आयोजन रेलवे साइडिंग निर्माण हेतु अनापत्ति पत्र (N.O.C) के लिए नहीं हुआ है। मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर भी नहीं है और मैं अंग्रेजी में हस्ताक्षर आज तक नहीं किया हूँ। ग्राम सभा में हस्ताक्षर हुआ किसी भी व्यक्ति ने अपना हस्ताक्षर नहीं पहचाने, सबो ने फर्जी बताया। उपस्थित ग्रामीण विशुन प्रसाद साहु, त्रिवेणी आनंद, गणेश प्रसाद साहू उर्फ ललित साहू,त्रिवेणी साहू, कामेश्वर कुमार, मनोज कुमार साहु, प्रमोद कुमार, एवं ग्रामीण मंडली उपस्थित थे।

## मनरेगा की सभी योजनाएं गरीब परिवारों की रीढ की हड्डी है : मुखिया रामनाथ यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** प्रखंड के करमा पंचायत में मनरेगा की योजनाओं में मजदूरों के अधिक डिमांड को लेकर अक्सर हाय तौबा मचा रहता है। करमा पंचायत अक्सर अखबारों की सुर्खियां बना रहता है।प्रखंड के मझगावां,सोकी और हुसिया पंचायत में भी मनरेगा की योजनाएं संचालित की जाती है और यहां भी मनरेगा मजदूरों को भारी संख्या में काम मिलता है लेकिन अखबार में इन पंचायतों की सुर्खियां ना के बराबर देखने को मिलता है।इसका एक कारण यह भी है कि उक्त पंचायतों में डिमांड का स्तर हर रोज एक जैसा नहीं होता है।मनरेगाकर्मी और करमा पंचायत के मुखिया के सकारात्मक प्रयास से प्रखंड में सबसे अधिक रोजगार का सृजन करमा पंचायत में कराया जाता है।यही वजह है कि यहां पर मनरेगा की योजनाओं में डिमांड ज्यादा रहता है। पंचायत के मुखिया रामनाथ यादव ने बताया कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को 100 दिन की सरकारी स्तर पर काम दिया जाता है और यह मनरेगा मजदूरों व उनके परिवारों के लिए एक वरदान से कम नहीं है। करमा पंचायत में मनरेगा योजनाओं में अधिक डिमांड रहने के मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा ने कहा कि करमा पंचायत में मनरेगा की योजनाओं में अधिक डिमांड रहने पर मैं संचालित योजनाओं का मॉनिटरिंग करता हूं और इस दौरान मनरेगा योजना कार्यस्थल पर मजदूर काम करते हुए दिखाई देते हैं।

# प्रभात मंत्र




## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव स्टूडेंट यूनियन ने 60-40 नियोजन नीति के विरुद्ध झारखंड बंद का समर्थन किया

**बड़कागांव :** झारखंड में 60-40 नियोजन नीति को रद्द करने एवं झारखंड के सभी वैकेंसीयों/बहालीयों में झारखंड के स्थाई निवासी शब्द को जोड़वाने और खतियान आधारित नियोजन नीति को लागू करवाने तथा झारखंड के स्थाई निवासियों को नौकरी प्रदान करने की मांग को लेकर झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के द्वारा बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया के 10 तथा 11 जून को संपूर्ण झारखंड बंद कार्यक्रम का पूर्ण समर्थन किया जाएगा। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के लोग आज शनिवार एवं कल रविवार को सड़क पर उतर कर झारखंड सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे एवं बंदी का समर्थन करेंगे।

### बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उपायुक्त ने उनके प्रतिमा पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए

**हजारीबाग :** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 122वीं शहादत दिवस के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।समाहरणालय सभागर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपायुक्त ने जल, जीवन, जमीन तथा संस्कृति की रक्षा के लिए उनके बलिदानों को याद करते उन्हे नमन किया।माल्यार्पण कार्यक्रम में उपायुक्त विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता राय, ट्रेजरी ऑफिसर उज्जवल चौरसिया, जिला कल्याण पदाधिकारी व सभी कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### रामगढ़ जिले के बरधरवा गांव में जागरूकता अभियान का आयोजन

**रामगढ़ :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष बृजेश कुमार की अध्यक्षता में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव महोदय की मार्गदर्शन में चल रहे मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले के बरधरवा गांव में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को मन का मिलन पकवाड़ा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई कोर्ट में लंबित मामले के मुकदमे मध्यस्था हेतु, व्यवहार न्यायालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क करने को कहा। इस जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए पारा लीगल वॉलिंटियर संतोषी कुमारी ने कहा विशेष अभियान 29 मई से 14 जून तक चलाया जाएगा।

### सीआईएसफ टीम ने अरगड्डा क्षेत्र का किया दौरा

**गिददी :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के रेलीगढ़ा समेत आस-पास के कोलयरी क्षेत्रों का शुक्रवार को सीआईएसएफ टीम के अधिकारियों ने दौरा किया। सूत्रो के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार अरगड्डा क्षेत्र के सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से सुरक्षा इंतजाम, क्षेत्र की भौगोलिक दशा, सुरक्षा प्वाइंटों पर जवानों का रूटिंग ड्यूटी टाइमिंग, मैन पावर समेत कई बातों पर चर्चा हुई। संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में सीसीएल के कई क्षेत्रों में सीआईएसएफ सुरक्षा व्यवस्था में अपना सहयोग देगा। मौके पर अरगड्डा क्षेत्र के सुरक्षा पदाधिकारी, सुरक्षा गार्ड हवलदार समेत कई उपस्थित थे।

### रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 का आयोजन 16 से 18 तक

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला बैडमिंटन संघ के कार्यकारिणी की एक आम सभा बरकाकाना गेस्ट हाउस में आहूत की गई थी । इस बैठक के मुख्य एजेंडा इस माह 16 जून 2023 से 18 जून 2023 तक प्रस्तावित रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 का सफलतापूर्वक आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया।इस बैठक मे रामगढ़ जिला के कार्यकारिणी के सभी सदस्यों उपस्थित हुए।

## बनासो गांव में पेयजल संकट गहराया, परेशान ग्रामीण

**कोनार नहर टनल निर्माण से भूजलस्तर नीचे जाने से बीस से अधिक कुँए गए सूख**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बनासो पंचायत एवं उनसे सटे कुछ गाँव आज जल संकट की चुनौती का सामना कर रहा है। गाँव के निवासियों को पिछले कुछ महीनो से स्वयं को जल से वंचित होते देखा है। पिछले वर्ष कम कम वर्षा होने के कारण खेती भी नहीं हो पाई थी और इस वर्ष भीषण गर्मी के कारण पेयजल के जितने भी स्त्रोत थे सभी सूखे पड़े है । जानकारी के अनुसार गाँव मे करीब बीस से अधिक कुँए सूख गए है ।उत्पन्न समस्या के कारण ग्रामीण कुछ एक पानी के स्रोतों से घण्टो लाइन में लगकर दिन का आधा समय पानी के जुगाड़ में निकल जाता है । इसके अलावा, प्यास की मार से जूझते हुए



वे स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना कर रहें है। बच्चे अविश्वसनीय दूरी तक पानी के लिए निकलते हैं, जो उनके पढ़ाई और खेल-कूद को प्रभावित कर रहा है।गाँव वालों का कहना है कि जब से कोनार सिंचाई परियोजना के तहत गाँव के नीचे से टनल बनी है तब से ही ऐसी समस्या उत्पन्न हुई है। जबकि इस टनल को बनाया गया था,नहरों में पानी देकर 85 गांवो को पानी के संकट से निजात दिलाने के लिए। जिसे बने हुए लगभग 4 वर्ष हो गए लेकिन आज तक यह 1 गाँव को भी पानी नहीं दे सकी है। करोड़ों रुपयों से बनने वाला यह नहर जो 85 गांवो की प्यास बुझाता आज खुद सूखे की मार झेल रहा है । गाँव वालो का कहना है,कि जब से कोनार सिंचाई परियोजना के लिए हुए टनल निर्माण के कारण भूजलस्तर नीचे चला गया जिसकी वजह से उसके बाद से एक एक करके जितने भी पानी के स्रोत थे,सारे सूखते चले गए आज आलम यह है कि खेती के लिए तो छोड़िए पीने के पानी तक की समस्या हो गई है ।

## बिना स्पष्ट नीति के नियुक्ति जायज नही : संजय मेहता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** जनसंवाद यात्रा के तहत चंदवारा प्रखंड के करौंजिया में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें झारखंड के संदर्भ में नीतिगत पहलुओं से अवगत कराया गया साथ ही माटी का बेटा कैसे सांसद और विधायक बने इस पहलू पर जागरूक किया गया।संजय मेहता ने कहा कि यह झारखंड की जरूरत है की झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर और 81 विधानसभा सीटों पर स्थानीय लोग सांसद और विधायक बने। उन्होंने राज्य की नियोजन नीति और स्थानीय नीति के स्पष्ट नहीं होने के कारण हो रहे नुकसान के संदर्भ में भी ग्रामीणों को बताया।संजय मेहता ने आगे कहा कि बिना खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति के झारखंड में नियुक्ति होना जायज नहीं है। जब तक खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति झारखंडी भावनाओं के अनुरूप लागू नही हो जाती है तब तक कोई भी नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करना झारखंडियों के हक और अधिकार को कुचलने जैसा होगा।

## जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## कोनरा पंचायत के मुखिया खुद खड़ा होकर खराब पड़े चापानल को करा रहीं है दुरुस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** इस भीषण गर्मी में बरही के लगभग पंचायत में पानी की समस्या सामने आ रही है। कही चापानल का बोरिंग लेवल नीचे गिर रहा है तो, कही कुआं सूखे पड़ रहे हैं। कोनरा पंचायत का भी यही हाल है, इस पंचायत में कई चापाकल खराब हो गए। जानकारी मिलने पर कोनरा पंचायत के मुखिया यासमीन तबस्सुम खुद खड़े होकर खराब पड़े चापाकल को ठीक करवा रही हैं। गुरुवार को जल नल योजना के द्वारा साकरी मोहल्ला में ग्राम सभा करवा कर काम को शुरू करवाई। वही शादी मोहल्ला में मो. रफीक के घर के आगे खराब पड़े चापाकल को मिस्त्री बुलाकर बनवाने का काम किया। वहीं थाना मोहल्ला में मो. साने के घर के सामने खराब पड़े चापानल को बनवाया। वहीं उन्होंने कहा कि जहां भी पानी की दिक्कत हमारे पंचायत में होगी, मैं खुद खड़ा होकर पानी की समस्या को दूर करूंगा। वही उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले कुछ लोगों के द्वारा गलत खबर फैलाया गया कि कोनरा पंचायत के मुखिया पानी की समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है, जो बिल्कुल गलत है।

## सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि के ट्वीट पर डीसी ने किया संज्ञान, अस्पताल के मुर्दा घर में डीप फ्रीजर तत्काल ठीक कराने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर जन-जरूरतों की सेवा में सक्रिय रहने वाले विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी का एक ओर पहल रंग लाया। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मुर्दा घर में भीषण गर्मी में शवों को रखने के लिए खरीदे गए डीप फ्रीजर खराब होने से यहां लगातार शव विकृत हो रहे थे और महज कुछ घंटों में ही शव पहचानने योग्य नहीं रहते थे और बदबू भी आने लगती थी। गुरुवार को सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस



मामले को गंभीरता से उठाया और उन्होंने हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने डीसी को ट्वीट करते हुए लिखा कि एचएमसीएच के पोस्टमार्टम रूम में रखा गया मोर्चरी का डीप फ्रिजर काम नहीं कर रहा है। जिससे प्रचंड गर्मी में शव को उचित सम्मान नहीं मिल पा रहा है। महज़ 13 घंटे रखें एक शव से बदबू आने लगी। शवों के सम्मान में मोर्चरी के फ्रीजर को चालू कराकर तत्काल इसे सुचारू करने की मांग उन्होंने की। रंजन चौधरी के ट्वीट को हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने संजीदगी से लिया और उन्हें जवाब देते हुए लिखा कि वर्णित मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है।

## अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर शरबत का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव जी महाराज के 417 वें शहीदी गुरु पर्व के अवसर पर शहीदी दिवस मनाया गया। मौके ओर गुरु अर्जनदेव जी महराज के चित्र पर सभी ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सरदार गुरु चरण सिंह के नेतृत्व में बरही सामंतो पंप के पास ओल्ड जीटी रोड किनारे शिविर लगाकर राहगीरों में ठंडा शरबत वितरित किया गया। इस दौरान ओल्ड जीटी रोड़ से गुजरने वाली हजारों छोटी बड़ी मालवाहक वाहनों, बस - टैक्सी के पैसेंजर, मोटरसाइकिल सवार से लेकर राहगीरों के बीच शीतल मीठा शरबत का वितरण श्रद्धा भाव के साथ किया गया। जून माह के इस चिलचिलाती धूप में ठंडा शर्बत पीकर लोगों ने प्यास बुझाई और उन्हें हृदय से साधुवाद दिया। सरदार गुरु चरण सिंह ने कहा कि धर्म की रक्षा के खातिर गुरू अर्जुनदेव जी महाराज ने अपने प्राणों का बलिदान किया था। तभी से उनकी याद में शहीदी दिवस मनाया जाता है।

## प्रवासी मजदूर मोतीलाल की मुंबई में मौत

**विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूरो की मौत का सिलसिला बदस्तूर जारी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में उद्योग धंधों के आभाव में अक्सर मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य अथवा विदेश जाने को विवश होना पड़ता है। रोजगार के अवसर आबादी बढ़ने के साथ कैसे बढ़े इस ओर किसी का ध्यान नही है।इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखण्ड के मजदूरों की मौत होने का सिलसिला नहीं थम रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत जोबर पंचायत के प्रवासी मजदूर 32 वर्षीय मोतीलाल सोरेन की बुधवार की रात मुंबई कल्याण में हाइवा



केबिन में सीमेंटेड गेट का मलबा गिरने से मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही गाँव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मृतक अपने पीछे पिता रगाई सौरेन,माता,पत्नी आरती देवीपुत्र नीतिश सोरेन(17) और मनीषा सोरेन (15) को छोड गया है।मोतीलाल सोरेन लगभग छह माह पूर्व ही रोजगार की तलाश में मुंबई के कल्याण गया था। वह वहाँ हाइवा ड्राइवर का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक घर का अकेला कमाऊ सदस्य था। हादसे की सूचना जोबर मुखिया चेतलाल महतो ने प्रवासी मजदूरों के हितार्थ में कार्य करनेवाले समाजसेवी सिकन्दर अली दी,इस पर सिकन्दर अली ने परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुँह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।

## अरगड्डा में आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने बिरसा मुंडा की 124वीं शहादत दिवस मनाई, दिया श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा बैगामोड़ में आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 124वीं शहादत दिवस पर स्थापित प्रतिमा में माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। सभी ने एक मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की। अवसर पर वक्ताओं ने धरती आबा बिरसा के सपनों का झारखंड बनाने के लिए जल, जंगल, जमीन की रक्षा, कारपोरेट लूट से बचाने, फासीवाद मिटाने, लोकतंत्र बचाओ का आह्वान किया। कहां कि सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन संगठन के बीते वर्ष के समझौतों की उपेक्षा कर रही हैं। अरगड्डा खुली कोलियरी खोलने के लिए अधिकरण के 8 साल हो गए हैं। लेकिन नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास नहीं दिया जा रहा हैं। अरगड्डा-टोंगी चौक पर स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया स्थल का सुंदरीकरण योजना लटका पड़ा हैं। आगामी 14 जून 2023 के अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना को सफल करने की बात कहीं।

## आजसू पार्टी प्रखंड इकाई ने धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड आजसु कार्यालय में आजसू पार्टी के प्रखंड इकाई द्वारा धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई। आजसू कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने कहा कि हमें बिरसा मुंडा के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है तभी हमारे सभी समाज का कल्याण संभव है।मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार ÷तापस÷ किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार दांगी, उप मुखिया हरली पंचायत सुनील कुमार, तुलेश्वर राम, ईश्वर कुमार, प्रकाश कुमार, वरुण कुमार, विकास कुमार, विशाल कुमार, कमलेश कुमार कसेरा, चन्द्रनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## हेसला में ग्रामीणों ने बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर किया याद संसाधनों की लूट रोकने पर एकजुट होने का लिया संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** हेसला के महुआटांड़ में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर शुक्रवार को फूलमाला पहनाकर समाजसेवियों, ग्रामीणों ने इनके पुण्यतिथि पर इन्हें याद किया। सभी ने एक मिनट का मौन धारण कर आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। बताया कि कार्यक्रम बिरसा फाउंडेशन कमेटी व ग्राम विकास समिति के द्वारा रखी गई हैं। सभी ने बिरसा के उलगुलान देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के साथ संघर्ष, समाज उत्थान के लिए क्रांति मशाल और वर्तमान में जल, जंगल, जमीन की लूट के खिलाफ एकजुट होने का संकल्प लिया। मौके पर कार्यक्रम की अगुवाई गोपाल मुंडा ने की। अवसर पर पूर्व नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, समाजसेवी आनंद बेदिया, महेश ठाकुर, विनोद राम समेत कई उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार की जिस आग को हेमंत के मंत्री और अधिकारियों ने सुलगाया, उसको भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने बुझाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के सफलतम नौ वर्ष पूरे होने पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त झारखंड प्रदेश प्रभारी,राज्यसभा के मुख्य सचेतक सह राज्यसभा लक्ष्मीकांत बाजपेई के दो दिवसीय झारखंड दौरे पर गुरुवार संध्या रामगढ़ विधानसभा में आयोजित वरिष्ट कार्यकर्ता मिलन में रामगढ़ पहुंचे थें जहां उन्होंने उपस्थित वरिष्ट भाजपा नेताओं एवं मीडिया से अलग अलग वार्ता की।वार्ता के दौरान संगठन के वरिष्ट



नेता लक्ष्मीकांत बाजपाई से पत्रकारों एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा भुरकुंडा क्षेत्र के कोयले की स्टॉक में महीनों से लगी आग और उसको बुझाने में नाकाम प्रशासन और सरकार से संबंधित सवाल पूछे जाने पर उन्होंने जिम्मेवारी पूर्वक जवाब देते हुए न सिर्फ त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया,बल्कि प्रेसवार्ता के बाद सभास्थल से हीं इसपर कार्यवाही हेतु कोयला मंत्री प्रह्लाद पटेल और रेल मंत्रालय से फोन पर वार्ता कर समन्वय स्थापित समन्वय स्थापित करते हुए कोयले में लगी इस भयावह आग पर काबू पाने का निर्देश भी दिया जिससे राजस्व नुकसान न हो साथ हीं आसपास रहने वाले निवासियों को इस भरी गर्मी में आग की तपिश और वायु प्रदूषण से निजात मिल सके ।उक्त बातो को विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए।

## देश में सत्ता नहीं व्यवस्था परिवर्तन की जरूरत है : डा. आरसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** लोकतंत्र में विधायिका कार्यपालिका न्यायपालिका और पत्रकारिता चार स्तंभ है इन चारों के समन्वय से है परंतु आज देश में विपक्ष एवं विधायिका कमजोर है चार वास्तव में निष्ठावानो कि कमी है। आज मणिपुर में राष्ट्रपति शासन एवं देश में सत्ता नहीं व्यवस्था परिवर्तन की जरूरत है यह बातें हजारीबाग सदर विधानसभा के कांग्रेस उप विजेता डॉ आरसी मेहता ने अपने कार्यालय में कहा। उन्होंने कहा की देश में सत्ता परिवर्तन तो हुआ परंतु व्यवस्था 75 वर्ष पूर्व के जैसा आज भी है विकास योजनाएं जो केंद्र या राज्य से आती है तकरीबन 30त्न धरातल पर आता है बाकी सब ऊपर ऊपर ही पि जाते हैं जो पीने वाले हैं कार्यपालिका दायित्व हिन हो चुकी है न्यायपालिका मकड़ी जाल की तरह है जिसमें छोटे-मोटे कीड़े मकोड़े फसते हैं धनी बड़े अपराधी इस जाल को फाड कर निकल जाते हैं आज स्वच्छ निर्भीक पत्रकारिता कि जरूरत है बिहार के पुल जल समाधि के तहत दोषियों को कड़ी सजा हो, उद्घाटन के के बाद दुर्घटना होने पर अनेकों निर्दोषों का जान जाता।

## भगवान बिरसा के शहादत दिवस पर बोले भुनेश्वर, उलगुलान का सौदा मंजूर नहीं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** धरती आबा बिरसा मुंडा की शहादत दिवस के अवसर पर बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि विरसा मुंडा के उलगुलान का सौदा मंजूर नहीं होगा। झारखंड राज्य का निर्माण हुआ और झारखंड राज्य के निर्माण के तत्काल बाद जो सरकार झारखंड में बनी वह बिरसा मुंडा के उलगुलान का सौदा करने लगी देखते-देखते सरकार ने 27 अगस्त 2008 तक 74 बड़े परियोजनाओं के लिए बड़े उद्योगपतियों के साथ एम ओ यू साइन कर दिया. जो बिरसा मुंडा के उलगुलान के विरुद्ध ऐसा एम ओ यू आज भी हो रहा है बिरसा के शहादत के बाद सीएनटी एक्ट बना बावजूद इसके सीएनटी एक्ट के तहत आने वाली जमीन जंगल जल और गैरमजरूआ जमीन की लूट आज तक जा रही है आज झारखंड के विकास के लिए यह जरूरी है कि बिरसा मुंडा के उलगुलान को ताजा करते हुए उसे गांव गांव तक फैलाने की जरूरत है तभी झारखंड का विकास संभव है।

## साहस और पुरुषार्थ की स्याही से भगवान बिरसा ने लिखी शौर्यगाथा: विकास राणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शुक्रवार को आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान् बिरसा मुण्डा की शहादत दिवस पर बिरसा चौक, पुराना बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने किया तथा मंच संचालन केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह ने किया। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा बिरसा मुण्डा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली लिखी। बिरसा मुण्डा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानन्द थे। झारखण्ड राज्य गठन को आज 22 वर्ष बीत गए परन्तु आज भी झारखण्ड के आदिवासी और मूलवासी आपने आप को उपेक्षित एवं ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, वर्तमान सरकार आज तक स्थानीय निति, आरक्षण निति , विस्थापन निति, बेरोज़गारी की समस्या का निदान आज तक नहीं हो सका। झारखण्ड राज्य स्वाभाविक राज्य नहीं है बल्कि आजसू के आन्दोलन, संघर्ष एवं बलिदान से मिला है झारखण्ड कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने कहा कि झारखण्ड की जनता आज भी ठगा हुआ सा महसूस कर रही है आज भी झारखण्ड के लोगों को उनके हक़ और अधिकार से वंचित रखा गया है।

## चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम यूनिसेफ की सहयोगी संस्था डेवनेट से निर्भय कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उनके द्वारा चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के माध्यम से स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों के प्रति भी जानकारी दी गई।कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने कहा कि माहवारी एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे कि सभी युवतियों और महिलाओं को गुजारना पड़ता है। जागरूकता के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी युवतियों व महिलाओं को कई तरह की बीमारियों/ संक्रमण का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में भी इस संबंध में लोग बात करने से परहेज करते हैं जबकि माहवारी के दौरान स्वच्छता को नजरअंदाज करना आगे चलकर एक गंभीर रूप ले



सकता है। उपायुक्त ने कहा कि माहवारी संबंधित भ्रांतियों को दूर करने व जागरूकता के लिए यह बहुत जरूरी है कि सबसे पहले लोग खुलकर इस पर बात करें। मौके पर उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित पंचायती राज, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस, शिक्षा प्रखंड विकास पदाधिकारियों आदि को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने एवं जमीनी स्तर पर विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल कर लोगों के बीच से माहवारी से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने, माहवारी के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले कपड़े की स्वच्छता व सैनिटरी पैड के नियमानुसार निष्पादन को लेकर कार्य करने व लोगों को जागरूक करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रियलमी ने 23,999 रु. के शुरुआती मूल्य में रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी का अनावरण किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नॉलॉजी ब्रांड और सबसे विश्वसनीय सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी फ्लैगशिप नंबर सीरीज़ में अपनी नई रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी की घोषणा की। रियलमी नंबर सीरीज़ यूज़र्स को अतुलनीय अनुभव प्रदान करने के लिए बनाई गई है, जिसे पूरी दुनिया के यूज़र्स ने सराहा है। इसके




दुनिया में 50 मिलियन यूज़र्स और भारत में 32 मिलियन यूज़र्स पहले से मौजूद हैं, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी में दो स्मार्टफोन पेश किए गए हैं- रियलमी 11 प्रो+ 5जी और रियलमी 11 प्रो 5जी।'डेयर टू लीप' स्पिरिट के साथ रियलमी अपने ब्रांड का निरंतर विकास करते हुए अगले आयाम की ओर बढ़ता जा रहा है और इनोवेशन एवं डिज़ाईन के मामले में हर सीमा को पार करता चला जा रहा है। रियलमी 11 प्रो सीरीज़ 5जी में 200 मेगापिक्सल का प्रो-लेवल सुपरजूम कैमरा है, जो टेक्नॉलॉजी के मामले में बड़ी पहल करते हुए यूज़र्स को परफॉर्मेंस, शानदार फीचर्स, अत्याधुनिक इनोवेशन एवं गहन यूज़र अनुभव के साथ बेहतर अनुभव प्रदान कर रहा है। रियलमी अपने यूज़र्स को इनोवेटिव टेक्नॉलॉजी और डिज़ाईन प्रदान करने में हमेशा अग्रणी रहा है।

## आईआईएफएल फाईनेंस बॉन्ड्स पर दे रहा है 9 प्रतिशत तक रिटर्न; इश्यू 22 जून को होगा बंद

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस अपने बॉन्ड्स इश्यू पर 9 प्रतिशत तक रिटर्न दे रहा है। इन सिक्योर्ड बॉन्ड्स का पब्लिक इश्यू 9 जून, 2023 से शुरू हुआ, जिसके द्वारा 1,500 करोड़ रु. तक एकत्रित किए जाएंगे। इस पूंजी का उपयोग व्यवसायिक वृद्धि और पूंजी संवर्धन के



लिए किया जाएगा। बॉन्ड इश्यू 22 जून, 2023 को बंद होगा या फिर मांग के आधार पर उससे पहले भी बंद किया जा सकता है।आईआईएफएल फाईनेंस सिक्योर्ड रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स (एनसीडी) जारी करेगा, जो 300 करोड़ रु. के बराबर होंगे, जिसमें 1200 करोड़ रु. तक का ओवर-सब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए एक ग्रीन-शू विकल्प होगा (1,500 करोड़ रु. के बराबर)।आईआईएफएल बॉन्ड्स 60 महीने की अवधि के लिए 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष का सर्वोच्च प्रभावशाली रिटर्न प्रदान करते हैं। एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि में उपलब्ध है। ब्याज का भुगतान 60 माह की अवधि के लिए वार्षिक आधार, परिपक्वता के समय और मासिक आधार पर किया जा सकता है।

## डीएस ग्रुप ने द गुड स्टफ प्रा. लिमिटेड और इसके ब्राण्ड्स द लवइट चॉकलेट एण्ड कन्फेक्शनरी का अधिग्रहण किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मल्टी बिज़नेस कॉर्पोरेशन और अग्रणी एफएमसीजी सदन धरमपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने लवइट चॉकलेट एण्ड कन्फेक्शनरी ब्राण्ड (जिसका स्वामित्व पहले गोल्डमैन सैश एण्ड मित्सुई वेंचर्स के पास था) के मालिक द गुड स्टफ प्रा. लिमिटेड (जिसे पहले ग्लोबल सीपी प्रा. लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिग्रहण किया है। यह अधिग्रहण ग्रुप के कन्फेक्शनरी पोर्टफोलियो को सशक्त बनाने की



दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रॉसरी एवं अन्य रीटेल आउटलेट्स में कंपनी की पहुंच बढ़ेगी। डीएस ग्रुप ने साल 2012 में कन्फेक्शनरी के कारोबार में प्रवेश किया, ब्राण्ड के पोर्टफोलियो में कई लोकप्रिय नॉन-चॉकलेट ब्राण्ड जैसे पास पास, पल्स, चिंगल्स, रजनीगंधा सिल्वर पर्ल्स, मेज़ शामिल हैं। इसके अलावा हाल ही में ब्राण्ड ने भारत में पहले लॉन्च के लिए लक्ज़री स्विस चॉकलेट ब्राण्ड लैडेराच के साथ भी साझेदारी की है। पल्स पिछले 7 सालों से हार्ड बोइल्ड कैंडी सेगमेन्ट में अपने आप को मजबूती से स्थापित किए हुए है।

## रश्मिका मंदाना एप्सन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बनीं

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डिजिटल और प्रिंटिंग सॉल्यूशंस में वर्ल्ड लीडर, एप्सन ने आज लोकप्रिय भारतीय अभिनेत्री, रश्मिका मंदाना को भारत में अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की। यह मशहूर अभिनेत्री भारत में एप्सन के उत्पादों को प्रमोट करेंगी और जून में एप्सन ईकोटैंक प्रिंटर के लिए लॉन्च किए जा रहे मल्टीमीडिया कैम्पेन में दिखाई देंगी। यह कैम्पेन एप्सन के सफल ईकोटैंक प्रिंटर्स के किफायती और



पर्यावरण के लिए मित्रवत फायदों पर केंद्रित होगा।कन्नड़, तेलुगू, हिंदी, और तमिल सिनेमा में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए मशहूर इस अदाकारा के साथ सहयोग करके एप्सन रश्मि की लोकप्रियता द्वारा देश में बड़ी संख्या में ग्राहकों, खासकर युवाओं के बीच पहुँच रहा है।एप्सन इंडिया के साथ अपने गठबंधन के बारे में रश्मिका ने कहा, ''मुझे एप्सन इंडिया के साथ गठबंधन करने और उनके द्वारा पेश किए जा रहे सस्टेनेबल और किफायती प्रिंटिंग समाधानों को प्रमोट करने की खुशी है। एप्सन के ईकोटैंक प्रिंटर शानदार हैं, और उनकी हीट-फ्री टेक्नॉलॉजी दुनिया में सबसे आधुनिक है। मैं इस परिवर्तनकारी तकनीक के संदेश का प्रसार करने के लिए उत्साहित हूँ।''तुषाद तलाती, डायरेक्टर, ब्रांड एंड कम्युनिकेशन, एप्सन इंडिया ने कहा, हम रश्मिका मंडाना को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाकर बहुत उत्साहित हैं।

## पीटीपीएस में भगवान बिरसा मुंडा की मनाई गई पुण्य-तिथि

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीटीपीएस पतरातू में भारतीय जनता युवा मोर्चा पतरातू मंडल के तत्वधान में भगवान बिरसा मुंडा की 133 वां पुण्यतिथि मनाया गया ह्व जिसकी अध्यक्षता भाजयुमो के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर एवं संचालन राजीव कुमार के द्वारा किया गया। वही मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा पतरातू मंडल उपाध्यक्ष सह मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा बिरसा मुण्डा विदेशी हुकूमत के खिलाफ स्वतंत्रता का बिगुल फूंकने वाले धरती आबा बिरसा मुंडा ने जनजातीय अस्मिता व संस्कृति की रक्षा के लिए एक मजबूत आंदोलन की नींव रखी। जल,जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए अद्वितीय संघर्ष करने वाले ऐसे वीर को उनकी पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। बिरसा मुण्डा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया । जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए।


### उप श्रमायुक्त का कार्यालय,हजारीबाग

**आवश्यक सूचना**

दिनांक 2 जून, 2023 को उड़ीसा राज्य के बालासोर में हुए भीषण रेल दुर्घटना में हजारीबाग जिले के यात्रियों के हताहत होने की आशंका है।

ऐसे में यदि कोई हजारीबाग जिले के प्रवासी मजदूर/व्यक्ति बालासोर, उड़ीसा रेल दुर्घटना में हुए घायल अथवा मृतकों के परिजन प्रावधानानुसार सुलभ सहायता के निमित संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष दुरभाष सं0 9470132591, 9431336427, 9431336398, 9431336472, 9431336432 अथवा श्रम आयुक्त का कार्यालय, हजारीबाग (7292800971) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रम अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 299662 Labour Employment and Traning(23-24).D


## पर्यावरण दिवस पर आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में पर्यावरण दिवस के अवसर हुए चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगिनी महिला समिति की अध्यक्ष सुधा सिंह मौजूद रही। उन्होंने भुरकुंडा अस्पताल परिसम में एसी कैंटीन का विधिवत फीता काटकर किया।एसी कैंटीन के हॉल में सुधा सिंह ने चित्रांकन प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न स्कूलों के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के कक्षा एक से पांचवीं तक में पहले स्थान पर दीपशिखा पवरिया, दूसरे स्थान पर सान्वी कुमारी, दिव्या कुमारी तीसरे स्थान पर सान्वी स्वराज वैष्णवी रानी, सिमरन कौर को पुरस्कार दिया गया।वहीं कक्षा छह से दसवीं वर्ग तक में प्रथम अक्षिता कुमारी दूसरे स्थान पर स्मिता प्रकाश और जोहा फारूखी, तीसरे स्थान पर अमिता कुमारी, अक्षिता कुमारी सुरभि कुमारी पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि सुधा सिंह ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण थीम पर एक से बढ़कर एक तस्वीर बनाए। आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।मौके पर सुनीता देवी, कुमकुम त्यागी, रिंकू सिंह, सरमिता गुप्ता, साधना कुमारी, रश्मि कुमारी, बबिता कुमार, प्रीतिसेन गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता, संगीता वार्नवाल आदि थे ।

## 325 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का जांच कराया

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी प्रखंड के सभागार में शुक्रवार को यूनियन बैंक द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 325 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी व दवा उपलब्ध कराया गया। शिविर में डॉ प्रियंका श्रीवास्तव व डॉ हिमांशु ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर का उदघाटन बैंक के क्षेत्रीय वाणिज्य प्रबंधक रोबिन आई लकड़ा, सीओ रश्मि लकड़ा व शाखा प्रबंधक रोबाब नगमा ने संयुक्त रूप से किया।




### ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
### मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग
### भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची।

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं0–**BCD/CE/23/Ramgarh/2023-24** दिनांक–**09-06-2023**

| Sl.No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Repair and Renovation work at Circuit House at Ramgarh. | Rs.1,04,03,300.00 | 06 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 16-06-2023 |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 03-07-2023 up to 11:00 A.M |
| 4 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9905899979 |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
● अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

PR.NO.299689 Building(23-24):D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
### संख्या 04/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 21.06.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 22.06.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 22.06.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य मद :– DMFT मद
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बसिया | गुमला जिला अंतर्गत बसिया प्रखण्ड में ममरला पंचायत के ग्राम महाराजगंज में अखड़ा पक्की रोड से अखड़ा तक पी0सी0सी पथ निर्माण। | 3,94,200.00 | 8000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 2 | रायडीह | गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखण्ड परिसर में पुस्तकालय भवन हेतू पी०सी०सी० पथ एवं डीप बोरिंग का निर्माण कार्य। | 7,84,000.00 | 15,700.00 | 1,250.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

PR 299688 Rural Development(23-24)D



### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :- **02/2023-24/RWD/EE/JSR** दिनांक :- **06.06.2023**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलितराशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ JAMSHEDPUR/ 02/2023 | पिपला चौक से भाग बांध टुसू मैदान होते हुए काली डुंगरी तक तथा चांदनी चौक से भागा बांध स्कूल होते हुए परमेश्वर महतो के घर तक पथ निर्माण कार्य। (लं–4.600 कि0मी0) | 4,14,30,800.00 | चार करोड़ चौदह लाख तीस हजार आठ सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ JAMSHEDPUR/ 03/2023 | मलियंता स्कूल से शिव मंदिर तक पथ निर्माण कार्य। (लं–1.500 कि0मी0) | 1,49,89,500.00 | एक करोड़ उन्चास लाख नवासी हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 9 माह |
| 3. | RWD/ JAMSHEDPUR/ 04/2023 | दलदली मैदान पथ से सतगुड़मा नाला, सुड़ापाड़ा नाला तक जानेवाली विभिन्न पथ तथा पीपल पेड़ से प्राथमिक विद्यालय होते हुए जादुबासा नाला तक पथ निर्माण कार्य। (लं–1.100 कि0मी0) | 1,09,52,400.00 | एक करोड़ नौ लाख बावन हजार चार सौ रू0 मात्र | 9 माह |
| 4. | RWD/ JAMSHEDPUR/ 05/2023 | गदड़ा टुपूडांग मुख्य पथ से पंचायत मंडप, नॉमेंस स्कूल होते हुए तिलक नगर मुख्य पथ तक तथा नॉमेंस स्कूल से पंकज दास के घर तक पथ निर्माण कार्य। (लं–2.700 कि0मी0) | 1,92,58,300.00 | एक करोड़ बानवे लाख अन्ठावन हजार तीन सौ रू0 मात्र | 9 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 14.06.2023।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, जमशेदपुर में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.07.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर परसुडीह थाना, करनडीह ब्लॉक, जमशेदपुर, झारखण्ड, पिन–831002 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (.........01.07.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.07.2023 अपराह्न 11.00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर परसुडीह थाना, करनडीह ब्लॉक, जमशेदपुर, झारखण्ड, पिन–831002।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0657–2298902
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर के पक्ष में एवं जमशेदपुर में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर

PR.NO.299575 REO(23-24):D


## पुण्यतिथि के अवसर पर बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अपर समाहर्ता नेल्सम एयोन बागे एवं अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों के द्वारा पुष्प एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

## ए सी सी उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के टॉप 10 विद्यार्थियों में शाहिद आलम, नेहा कुमारी , अनुष्का कुमारी, गौतम कुमार प्रजापति, श्रीनाथ गंजू ,उर्वशी कुमारी,वेदांत सिंह चंद्रवंशी,अनीस इब्राहिम,आराध्या कुमारी एवं तरन्नुम प्रवीण को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या मौजूद थे। सम्मान समारोह कार्यक्रम 10 टॉपर्स विद्यार्थियों के सभी अभिभावक भी मौजूद थे। समारोह का शरुआत मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रशाशक जामवंत सिंह एवं प्रधानाध्यापक एस एन तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापक ने मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों का परिचय देते हुए सभी का स्वागत कर अतिथि को बुके व शॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम 10 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर खलारी सीओ के द्वारा सम्मानित किया। वही खलारी सीओ के तरफ से 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों शाहिद आलम एवं नेहा कुमारी को एक-एक हजार का नगद प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि सफलता का श्रेय शिक्षक गण, माता पिता एवं विद्यार्थी तीनों को जाता है। सीओ सर ने बच्चों से भविष्य में और अधिक मेहनत करने एवं जीवन में अच्छी मुकाम हासिल करने की सलाह दी।

## पतरातू नव पदस्थापित सीडीपीओ अनुपमा मिंज का हुआ स्वागत

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी संघ ने पतरातू प्रखंड नव पदस्थापित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनुपमा मिंज का बुके और नोटबुक देकर स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातून प्रदेश प्रभारी इम्तियाज अहमद मुख्य रूप से उपस्थित रहे वही प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातून ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी महोदय से कहा कि सेविका सहायिका के मानदेय में कटौती या अनियमितता काफी चिंताजनक है वही पतरातू प्रखंड की सेविकाओं का मानदेय कटौती कर भुगतान करना और सहायिकाओं का मानदेय अभी तक भुगतान नहीं करना यह चिंतनीय विषय है इसका निवारण यथाशीघ्र होना चाहिए मानदेय का भुगतान सेविका सहायिका दोनों का एक साथ भुगतान किया जाना चाहिए ऐसा नहीं होना यह काफी चिंताजनक है स्वागत करने वालों में जिला उपाध्यक्ष ममता देवी,प्रखंड अध्यक्ष मीना कुमारी,सुनैना देवी,प्रभा देवी, शीला देवी,सीमा कुमारी,नसीमा खातून,शीला देवी,गीता कुमारी, बालेश्वरी देवी,सुमन देवी,रेखा देवी, शीला देवी,साजदा खातून इत्यादि दर्जनों सेविका सहायिका उपस्थित थी।


### कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

**नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति–अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।**

अति–अल्पकालिन सूचना संख्या – **NIT/RGH/NP/13/2022-23 (2nd Call)**

1. निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2. निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :–दिनांक : 12.06.2023
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि :–दिनांक : 22.06.2023 अपराहन 04:00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :–केवल ई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in)
5. वेबसाईट पर अपलोड किया गया दस्तावेज की मुल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि व समयः–दिनांक : 23.06.2023 अपराहन् 4:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :–दिनांक : 24.06.2023 अपराहन् 12:00 बजे से। नगर परिषद्, रामगढ़ ।
7. मद का नाम –15वें वित आयोग
8. हेल्पलाईन नं0 :–9334702381, 9110072039

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | Renovation of Panchayat Bhawan for the opening of Urban Health and wellness centre in ward no – 04 | 2491800.00 | 49836.00 | 5000.00 | 180 दिन |
| 2 | 16 | Renovation of Panchayat Bhawan for the opening of Urban Health and wellness centre in ward no – 16 | 2491800.00 | 49836.00 | 5000.00 | 180 दिन |
| 3 | 30 | Renovation of Panchayat Bhawan for the opening of Urban Health and wellness centre in ward no - 30 | 2491800.00 | 49836.00 | 5000.00 | 180 दिन |

नोटः–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. संवेदक द्वारा ई–निविदा में अपलोड किया गया सभी दस्तावेज तथा संवेदक का निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर रिर्टन (विगत तीन वर्षो का), पैन कार्ड, GSTR-1, GSTR-3B (विगत तीन माह) अथवा अद्यतन Quarterly Return, निबंधन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, UCAN, अग्रधन राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क व अन्य दस्तावेज दिनांक 23.06.2023 को अपराहन 4:00 बजे तक नगर परिषद् कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
3. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
4. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
5. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
6. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
7. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR.NO.299655 District(23-24):D



### सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
### कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची।
(जिला निर्वाचन शाखा)

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा राँची जिला के अधीन पड़नेवाले सात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 58–तमाड़ (अ०ज०जा०), 61–सिल्ली, 62–खिजरी (अ०ज०जा०), 63–राँची, 64–हटिया, 65–काँके (अ०जा०) तथा 66–माण्डर (अ०ज०जा०) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी नागरिको, मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 14 में हुए संशोधन एवं तनुदनूरूप निर्वाचक पंजीकरण नियम 1960 में हुये परिवर्तनों के परिणाम स्वरूप 04 अर्हता तिथियाँ अर्थात 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर हो गई है। उक्त 04 अर्हता तिथियों के संदर्भ में मतदाता सूची के तैयारी हेतु भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2023/ERS(III) दिनांक 29.05.2023 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1629 दिनांक 30.05.2023 के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में दिनांक 01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम – 2024 के संचालन के निमित राँची जिलान्तर्गत सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| | विषय | दिनांक |
|---|---|---|
| | पुनरीक्षण से संबंधित गतिविधि | |
| 1 | प्रारूप प्रकाशन के पूर्व पुनरीक्षण से संबंधित कार्यक्रम | 01.06.2023 (गुरूवार) |
| 2 | एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन | 17.10.2023 (मंगलवार) |
| 3 | मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, शुद्ध करने तथा स्थानांतरित करने हेतु दावा आपत्ति दिये जाने की अवधि | 17.10.2023 (मंगलवार) से 30.11.2023 (गुरूवाार) तक |
| 4 | विशेष अभियान दिवस | मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार। दो शनिवार एवं दो रविवार |
| 5 | प्राप्त दावा आपत्ति का निस्तार | 26.12.2023 (मंगलवार) |
| 6 | अंतिम प्रकाशन की तिथि | 05.01.2024 (शुक्रवार) |

- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मतदाता सूची में दिनांक 01.01.2024 को 18 वर्ष आयु प्राप्त कर चुके एवं 18–19 आयु वर्ग से अधिक आयु वाले योग्य नागरिकों का, जिनका अभी तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं हुआ है, का नाम पंजीकरण कराने हेतु कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।
- उक्त कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में यदि योग्य नागरिक का नाम नहीं है तो प्रपत्र–6, किसी अयोग्य मतदाता का नाम हटाने हेतु प्रपत्र–7 तथा नाम, पता, उम्र, फोटो आदि में अशुद्धि हो तो प्रपत्र–8 के माध्यम से सुधार किये जाने का निदेश प्राप्त है।
- मतदाता सूची में किसी व्यक्ति का एक से अधिक स्थान पर नाम होना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के अनुसार दंडनीय अपराध है। अतः एक से अधिक जगह पर यदि मतदाता सूची में नाम दर्ज है तो प्रपत्र–7 मे आवेदन देकर अपना नाम मतदाता सूची से विलोपित कराया जा सकता है।
- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में मतदाता सूची की उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्माण हेतु आगामी Special Summary Revision of Photo Electoral Rolls of intensive nature - 2024 के प्रारूप के प्रकाशन की तिथि के पूर्व सभी Pre-revision activities यथा – निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का प्रशिक्षण, प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए स्वतंत्र रूप से बी0एल0ओ0 की नियुक्ति एवं उनका प्रशिक्षण, मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटियों को चिन्हित करना एवं उसका निराकरण करना, मतदाता सूची में दर्ज repeated/ multiple entries/ demographically similar entries/ dead elector entries आदि का पहचान करते हुए नियमानुसार शुद्धिकरण की कार्रवाई, मतदान केन्द्रों का व्यवस्थीकरण, कंट्रोल टेबल को अद्यतन करने आदि से संबंधित कार्य प्रारंम्भ किया गया है।
- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में मतदाता सूची में न्यून गुणवत्ता वाले रंगीन एवं ब्लैक एण्ड वाईट फोटो को रंगीन फोटो से प्रतिस्थापित करने की कार्रवाई की जानी है।

उक्त में दिये गये निर्देशों के आलोक में राँची जिला के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम – 2024 के सभी गतिविधियों को निर्धारित समय सीमा में संपन्न कराने हेतु निदेशित किया गया है।

उक्त से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी जिला निर्वाचन शाखा, राँची की टॉल फ्री नंबर – 1950 से प्राप्त की जा सकती है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, राँची।

PR 299672 Ranchi(23-24)D

## सेल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का धनबाद आगमन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेल्यूट तिरंगा झारखण्ड प्रदेश की वरिष्ठ प्रवक्ता बॉबी पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की इस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश झा का आगामी 13 जून 2023 को धनबाद में आगमन हो रहा है। बताया की वो भाजपा नेता रमेश पांडेय के एक कार्यक्रम मे शामिल होने के लिये धनबाद आ रहें हैं तथा 14 जून 2023 को सेल्यूट तिरंगा धनबाद के सदस्यों के साथ एक बैठक कर सभी को अपना मार्गदर्शन देंगे। बॉबी ने कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय के आगमन को लेकर संगठन के सदस्यों मे भारी उत्साह है और सभी उनके स्वागत एवं अभिनंदन के लिये तय्यार हैं।

## बजरंगबली मंदिर निर्माण में माना पाठक ने किया आर्थिक सहयोग

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के लोधरिया स्थित बहादुरपुर गांव



में निर्माणाधीन बजरंगबली मंदिर में जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने अपने निजी सचिव मुरारी सिंह के द्वारा मंदिर निर्माण कार्य में आर्थिक सहयोग किया एवं आगे भी हरसंभव मदद करने की भरोसा दिया गया। बताया जाता है कि कुछ माह पूर्व अपने क्षेत्रिय दौरे के क्रम में मंदिर निर्माण में सहयोग करने का आश्वासन दिया था वैसे भी माना पाठक के सभी परिवार हनुमान भक्त है इस लिए भी बजरंगबली मंदिर निर्माण कार्य में हरसंभव मदद करने की बात दोहराई गई थी। मौके पर उनके निजी सचिव मुरारी सिंह, पप्पू पाण्डेय, विकास कुमार चौधरी, संतोष चौधरी, महादेव चौधरी, महेंद्र चौधरी, मुश्ताक अंसारी, राजेश कुमार, राजेन्द्र चौधरी, मनोज चौधरी के अलावा बड़ी संख्या में बजरंगबली मंदिर निर्माण कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## सुपर वाइजर का एक दिवसीय पंचायत स्तरीय सशक्तिकरण प्रशिक्षण में बीएलओ को दिए गए महत्वपूर्ण जानकारी

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड सभागार में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम विस्तृत दिशा निर्देश के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन 2024 के अहर्ता तिथि 1 अप्रैल,1जुलाई एवं 1 अक्तूबर को पात्र आवेदक का पंजीकरण, मतदाता सूची प्रकाशन, आयोग द्वारा कार्यक्रम के अनुसार पाण्डेयडीह, करिहारी, चुंगलखार, रेम्बा,शाली ,पालमो पंचायत के सभी मतदान केंद्र के बी एल ओ, सुपर वाइजर का एक दिवसीय सशक्तिकरण प्रशिक्षण का आयोजन गुरुवार को प्रारंभ हुआ। दूसरे दिन शुक्रवार को पिंडरसोत, बदडीहा 1, पोबी, धुरैता, धोथो पंचायत के सभी बी एल ओ को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, निर्वाचन कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रवीण कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया। 9 जून को पिंडरसोत, बदडीहा 1, पोबी, धुरैता, धोथो 10 जून को टिकामगहा, मघहाकला, चकमंजो, खरगडीहा, बदडीहा 2, जगन्नाथडीह, 12 जून को लताकी, चोरगत्ता, फतहा, तारा, धुरगढ़गी,13 जून को चुंगलो, नावाडीह, केंदुआ, जरीडीह, हरला, 14 जून को चरघरा, चचघरा, प्रतापपुर, नवडीहा, गोरो 15 जून को मेढ़ो चपरखो,धर्मपुर, चितरडीह, कुरहोबिंदो, मलुआटाड़, 16 जून को सियांटांड़, चिलगा, बलगो, कारोडीह, बेरहाबाद पंचायत के सभी बी एल ओ, सुपर वाइजर का प्रशिक्षण होगा।

## अब प्रतिदिन चलेगी दानापुर-जयनगर व राजेंद्रनगर टर्मिनल-सहरसा इंटरसिटी एक्सप्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 13225/13226 जयनगर-दानापुर-जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं 13227/13228 राजेंद्रनगर टर्मिनल-सहरसा-राजेंद्रनगर टर्मिनल इंटरसिटी एक्सप्रेस की बारंबारता में वृद्धि करते हुए दिनांक 11.06.2023 से इन ट्रेनों का परिचालन सप्ताह में 06 दिन के बदले प्रतिदिन किया जाएगा ।

### जल संरक्षण के लिए विस्तृत वैज्ञानिक योजना विकसित करने के लिए

## आईआईटी आईएसएम के एचओडी पर्यावरण ने उपायुक्त से की मुलाकात



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले में जल संरक्षण के लिए एक विस्तृत वैज्ञानिक योजना विकसित करने के लिए आईआईटी आईएसएम के एचओडी पर्यावरण डॉ. अंशुमाली ने संस्थान के 2 अन्य सहयोगियों के साथ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह तथा उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह से उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। उपायुक्त तथा उप विकास आयुक्त ने आईआईटी आईआईएम को जल शक्ति अभियान में एक तकनीकी भागीदार के रूप में इसके उद्देश्य और आईआईटी आईएसएम से जिला प्रशासन की अपेक्षाओं को साझा किया। मुलाकात के दौरान डॉ. अंशुमाली ने धनबाद और आसपास के जिलों में जल संरक्षण से संबंधित अपने कार्यों के बारे में एक प्रस्तुति दी। उपायुक्त ने उन्हें जुलाई के अंत तक प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। जिसमें प्रशासन से आवश्यक सहायता और धनबाद के लोगों को वैकल्पिक स्रोत प्रदान करके अधिकतम जल संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया अपनाई जा सके। इसके लिए डीपीआर और परियोजनाओं के लिए डीएमएफटी के माध्यम से फंडिंग की जाएगी। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, आईआईटी आईएसएम के एचओडी पर्यावरण डॉ. अंशुमाली, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, डीएमएफटी से रश्मि, पीएचईडी एक व दो के कार्यपालक अभियंता व अन्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त, एसएसपी, डीडीसी सहित अन्य पदाधिकारियों ने अर्पित की भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भगवान बिरसा मुंडा की 123वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बैंक मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर उपायुक्त संदीप सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा देश की संस्कृति के संरक्षक थे।

जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया और उनके कर्म और धर्म को समझाया, साथ ही ज्ञान का उजियारा भी फैलाया। उन्होंने पारंपरिक भूमि अधिकारों, सांस्कृतिक, धार्मिक आस्थाओं के संरक्षण के लिए अंग्रेजी शासन के खिलाफ अदम्य संघर्ष किया। मौके पर भगवान बिरसा मुंडा स्मृति संचालन समिति के महादेव हांसदा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला 20-सूत्री के तत्वाधान, मिश्रित भवन स्थित जिला 20-सूत्री कार्यालय में धनबाद जिला 20-सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में झारखंड के जननायक भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। मौके पर उपस्थित 20-सूत्री के सभी सदस्यों एवं कांग्रेस व झामुमो के नेताओं ने उनके तैल-चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शमशेर आलम, हराधन रजवार, राजू प्रमाणिक, रामप्रीत यादव, मनोज यादव, शकील अहमद, पप्पू कुमार तिवारी, शरीफ अंसारी, मनोज हाडी, टींकू अंसारी, जाबिर अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## रागिनी सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शुक्रवार को जनजातीय अस्मिता स्वतंत्रता और संस्कृति के महान संरक्षक लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने धनबाद बैंक मोड़ चौराहे पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एनएसयूआई ने किया विश्वविद्यालय मुख्यालय में तालाबंदी, फूंका विश्वविद्यालय प्रबंधन का पुतला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शुक्रवार को एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी के नेतृत्व में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में तालाबंदी कर मुख्य गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि कुलपति सुखदेव भोई के द्वारा धनबाद और बोकारो में उच्च शिक्षा की हत्या की जा रही। पूरे झारखंड में यह एकलौता विश्वविद्यालय है जहा इंटर की पढ़ाई बंद की गई है जबकि नई शिक्षा नीति 11वीं और 12वीं के छात्रों पर लागू नहीं होता। धनबाद और बोकारो में सभी कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई बंद कर दी गई है। पूरे धनबाद और बोकारो जिला में विश्वविद्यालय के अलावा पीजी की पढ़ाई अब कहीं नहीं होगी।



विश्वविद्यालय के अंतर्गत जो सेमेस्टर 1 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है उसमें 30500 छात्रों में लगभग 22000 छात्र फेल है। शर्म की बात है की मात्र 28.5 प्रतिशत ही छात्र पास कर पाए है तथा 22 हजार छात्रों को दोबारा परीक्षा देना होगा। विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष एनएसयूआई के द्वारा तालाबंदी करके धरना प्रदर्शन किया गया तथा विश्वविद्यालय प्रबंधन का पुतला फूंका गया। लगभग 3 घंटे तक तालाबंदी करके नारेबाजी की गई तथा मुख्य द्वार से एक भी गाड़ी को अंदर बाहर नहीं होने दिया गया। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने पूरे कोयलांचल वासियों से आह्वान करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाफ अब करो और मरो की स्थिति आ गई है। विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला महासचिव अंकित कुमार, नितेश शर्मा, सनी सिंह, झरिया अध्यक्ष देवेंद्र पासवान, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष उत्तम कुमार, पीके राय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह, आरएसपी उपाध्यक्ष मोहित कुमार, सोहेल, सौम्यदीप, सुंदर, उत्कर्ष, नवनीत समेत सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

## मन का मिलन पखवाड़ा : तीन पारिवारिक वाद का निपटारा

### 14 जून 2023 तक चलेगा मन का मिलन पखवाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद श्री राम शर्मा के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय परिसर में विगत 14 जून 2023 से दो सप्ताह के लिए मन का मिलन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा में शुक्रवार को तीन पारिवारिक वाद का निपटारा सुलह और समझौते के आधार पर किया गया।उन्होंने कहा इसके माध्यम से मध्यस्थता केंद्र में वादी और प्रतिवादी पक्षों को एक सौहार्दपूर्ण वातावरण मुहैया कराकर त्वरित न्याय दिलाने में सहयोग प्रदान किया जाता है। इससे वादी और प्रतिवादी दोनों ही पक्षों का समय और धन की बचत एवं आपसी संबंध मैत्रीपूर्ण रहता है। इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

## प्रो विनीता के लिए भाजपाईयों ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह स्टेशन रोड स्थित भाजपा नगर कार्यालय में नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा एवं जिला अध्यक्ष महादेव दुबे के नेतृत्व में प्रो विनीता कुमारी को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में 'जी आई सी' में स्वतंत्र निदेशक का पद मिलने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गिरिडीह के निर्वतमान विधायक निर्भय शाहाबादी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चुन्नूकांत, सुरेश साव, संगीता सेठ आदि ने उपस्थित होकर बधाई दी। वही मौके पर निर्भय शाहाबादी ने कहा कि प्रो विनीता कुमारी बहुत लगनशील एवं मेहनती महिला हैं और केंद्र सरकार में स्वतंत्र निदेशक का पद मिलना हमसभी गिरिडीह वासियों के लिए गर्व एवं हर्ष की बात है। इधर जिलाध्यक्ष महादेव दुबे ने कहा कि प्रो विनीता कुमारी पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ भाजपा संगठन का काम कर रही हैं, उन्हें स्वतंत्र निदेशक का पद मिलने से पूरे गिरिडीह भाजपा परिवार की ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं आगे भी संगठन के



प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते रहें। इधर प्रो विनीता ने इस सम्मान के लिए मोदी जी के साथ केन्द्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व एवं गिरिडीह भाजपा परिवार के प्रति अपना आभार प्रकट की और कहा कि मेरे साथ लगातार नगर टीम जिसमें समीर दीप, ज्योतिष शर्मा, हरमिंदर सिंह बग्गा, आदि का सहयोग मिलता रहा है आगे भी पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी के साथ पूरा करेंगी।

## झामुमों ने मनाया धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 123वीं पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडिह :** शुक्रवार को गिरिडिह झामुमो जिला कार्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 123वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयेजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू , गांडेय विधानसभा के विधायक डॉ0 सरफराज अहमद, गांडेय के पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा उपस्थित हुए । वही कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष सह उपाध्यक्ष बीससूत्री क्रियान्वयन समिति संजय सिंह ने किया। वही सर्वप्रथम गणमान्यो ने धरती आबा के चित्र पर माल्यर्पण किया एवं इनके शौर्य गाथाओं को याद किए। इधर सदर विधायक ने कहा कि धरती आबा ने देश की आज़ादी के लिए, गरीबो शोषितो के एक लंबी लड़ाई लड़ी जिसे उलगुलान आंदोलन नाम दिया गया। वही गांडेय पूर्व विधायक प्रो जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि बिरसा और उसके शिष्यों ने क्षेत्र की अकाल पीड़ित जनता की सहायता करने की ठान रखी थी और जिससे उन्होंने अपने जीवन काल में ही एक महापुरुष धरती आबा की उपाधि मिली आज इनके पदचिन्हों पर चलकर ही झारखंड को खुशहाल प्रदेश बनाया जा सकता है। इधर जिलाध्यक्ष ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी में हुए एक आदिवासी धार्मिक आंदोलन का नेतृत्व किया।

## पेयजल के लिए राहगीर परेशान नहीं हैं कोई व्यवस्था




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न जगह पर चापानल सुख चुके है लोगो के पास पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रखंड के महेशमुंडा रेलवे स्टेशन जहा से होकर प्रतिदिन हजारो लोग गुजरते है और वह से गुजरने वाले राहगीरों को पेय जल के लिए काफी दिक्कत हो रही है। इस स्टेशन में पेयजल के लिए एक मात्र चापानल है जो सुख चूका है। आम चौक चौराहे पर लोगो को पेयजल के लिए दिक्कत हो रही है वही रेलवे स्टेशन में भी पेयजल की सुविधा नहीं होने से साफ पता चलता है की भारतीय रेलवे कितना गंभीर है। एक तरफ रेलवे सभी स्टेशनो को सभी सुविधा से लेश करने की बात करती है लेकिन पेयजल के लिए राहगीरों को झूझना पड़ रहा है।

## जननायक बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी मुख्यालय स्थित शिबू सोरेन डिग्री कॉलेज में आज शुक्रवार को कॉलेज के प्राचार्य डॉ गोरांग भारद्वाज की अध्यक्षता में धरती आबा भगवान् बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। डिग्री कॉलेज के प्राचार्य ने सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों एवं छात्र छात्राएं को स्वागत करते हुए भगवान बिरसा मुंडा द्वारा किए गए जनहित के कार्यों को अपने जीवन शैली में अपनाने की बात कही। वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर गणेश शंकर प्रसाद ने उनके द्वारा अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ की गयी क्रांति पर प्रकाश डाला। झारखंड के अस्मिता, संस्कृति और जल जंगल जमीन के संरक्षक के रूप में अहम भूमिका निभाई उन्होंने शोषित और दलित वंचित वर्गो के कल्याण के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया।

## तीन बाल श्रमिकों का होटल से किया रेस्क्यू



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाल श्रम क मुक्ति अभियान के तहत आज बोकारो जिले में विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया गया जिसके तहत बोकारो जिले की दुग्धा इलाके में संचालित होटल से जिला धावा दल द्वारा तीन बाल श्रमिकों का रेस्क्यू किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को रेस्क्यू करके बाल कल्याण समिति के संरक्षण में रखा गया है। इस दौरान बाल श्रम धावा दल सह बाल कल्याण समिति अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि नोबेल शांति पुरुस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी की संस्था बचपन बचाओ अभियान के तथा जून माह में बोकारो जिले में बाल श्रम मुक्ति को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की मनाई गई 123वीं पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बाघमारा :** महान स्वतंत्रता सेनानी, जननायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 123 वीं पुण्यतिथि पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में हाउसिंग कॉलोनी कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धा भावना के साथ श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें कांग्रेजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर स श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा ब्रिटिश हकूमत के खिलाफ उलगुलान का बिगुल बजाकर उनकी जड़ों को झकझोने वाले जल, जंगल, जमीन



की रक्षार्थ अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। प्रवक्ता सतपाल सिंह ने कहा कि वे एक युवा क्रांतिकारी सेनानी आदावासी मुंडा जनजाति के निडर शाखशियत नेता थे जिन्होंने उस वक्त के जमींदारों जागीरदारों ब्रिटिश हुकूमतों के शोषण के खिलाफ आदावासी समाज झूलास रहा था संघर्ष कर उनके जंगल जमीन मुक्त कराएं।

# जनसंघ काल के कार्यकर्ताओं की देन है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी : सुदर्शन भगत

**➲भाजपा नगर कार्यालय अटल भवन में जनसंघ काल के सक्रिय कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी नगर कार्यालय अटल भवन में जनसंघ काल के सक्रिय कार्यकर्ताओं,वरिष्ठों का सम्मान समारोह सह टीफिन बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप लोहरदगा लोकसभा माननीय सांसद श्री सुदर्शन भगत शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों की चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन एवम वंदे मातरम गीत के साथ में शुरुआत की गई मौके पर जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। टिफिन बैठक को संबोधित करते हुए सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि आज यदि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है तो इसका सबसे पहला श्रेय हमारे जनसंघ काल के कार्यकर्ताओं का है यह हम लोगों के पार्टी में सदैव एक मार्गदर्शक की भूमिका अदा करते आए हैं। इन्हीं के बलिदान एवं कठिन परिश्रम का परिणाम है कि आज हमारी पार्टी दो तीन बार केंद्र एवं कई राज्यों में भाजपा का सरकार स्थापित हुई है। आज यदि युवा भाजपा के साथ में कदम से कदम मिलाकर चल रही है तो हमारे वरिष्ठों के द्वारा दिए गए संस्कार अनुशासन की सीख राष्ट्र और समाज के प्रति अपना दायित्व को बखूबी आगे बढ़चढ़ कर निभा रहे हैं। महा जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक राजकिशोर महतो ने कहा कि भाजपा में सदैव सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान होता रहा है और कई बार कार्यक्रम करें विशेष रूप से पार्टी अपने वरिष्ठ को सम्मान देती आई है इसी क्रम में पार्टी के द्वारा निर्धारित 1 महीने के कार्यक्रम में हमें भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का आज पुन~ टिफिन बैठक कर उनका सम्मान एवं उनके द्वारा पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए सुझाव लिया। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि हमें पार्टी को और मजबूती प्रदान करने के लिए हर एक कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं उनके सुझाव जरूरी। आज का कार्यक्रम बहुत ही अति महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि इन्हीं के मेहनत से पार्टी शून्य से सत्ता तक का सफर तय किया है। आज मोदी जी का नेतृत्व सभी सपनों को साकार कर रहे हैं और आज भी विपक्ष कई भ्रामक विषयों को लेकर समाज में जा रहे उससे निपटने के लिए तैयार रहना हो इसमें वरिष्ठों के मार्गदर्शन जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने की।धन्यवाद ज्ञापन आज के टीफिन बैठक के संयोजक विनोद राय ने की। कार्यक्रम में भाजपा कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, चंद्रशेखर अग्रवाल, अशोक खत्री, परमेश्वर साहू, रामोतार बर्मन, उमेश कास्यकार, राजेश महतो, अशोक चंद्र घोष, अनिल गुप्ता, अजय कुमार पंकज, अनिल पांडे, अजय मित्तल, देवाशीष कार, संजय बर्मन, बनारसी प्रसाद, कृष्णा महतो, गया प्रसाद, जुगल किशोर महतो, बासु दत्ता, सुभाष राणा, संगिता कुमारी, अनूप वर्मा, विकास कास्यकार, दीपक साहू सहित अन्य वरिष्ठ शामिल हुए।

## भाजपाइयों ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारत मां के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले धरती आबा बिरसा मुंडा को शत शत नमन करते हुए भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शंख नदी लोहरदगा स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवंबर1875 ईस्वी को हुआ था, 8 फरवरी 1900 को अंग्रेज अधिकारी जेपी हैवेट ने ब्रिटेन में विदेश मंत्री (भारत के प्रभार में) सर अर्थर गोडले को पत्र लिखा कि छोटनागपुर में मुंडा लीडर बिरसा मुंडा एवं उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है 9 जून 1900 इसवी को रांची जेल में बिरसा मुंडा 25 वर्ष की उम्र में अंतिम सांसे ली थी इतनी कम उम्र में ही बिरसा मुंडा ने अंग्रेजो के खिलाफ जो उलगुलान किया था उससे अंग्रेज भयभीत रहते थे। 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जी के जयंती के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने उनके जन्मदिन पर जनजाति गौरव दिवस के रूप में राष्ट्रीय छुट्टी घोषित किया गया। बिरसा मुंडा जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री सह रांची नगर निगम के पूर्व मेयर आशा लकड़ा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम सिंह, राजकिशोर महतो, प्रवीण सिंह, राजकुमार वर्मा,अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, लखन उराव, ओम प्रकाश गुप्ता, बृजनंदन यादव, मंगल यादव, निधि कांत प्रसाद एवं नासिर आलम आदि उपस्थित थे।

## पुलिस निरीक्षक ने कैरो थाना पहूंचकर किया वार्षिक निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को कैरो, कुडु, किस्को अंचल के पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार कैरो थाना पहूँचकर थाना अभिलेखों का किया वार्षिक निरिक्षण। वार्षिक निरीक्षण मे पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार ने लम्बिंत काण्डो का निरीक्षण कर उसे शीघ्र निष्पादन करने, अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था संधारण, एवं अभिलेखो का अद्यतन करने का निर्देश उपस्थित अधिकारियों को पुलिस निरीक्षक ने दिए। वही उक्त निरीक्षण मे पुलिस निरीक्षक ने उपस्थित अधिकारियो को काण्ड से संबंधित एवं विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिये। मौके पर कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकांत कुमार, सन्तोष कुमार रीडर अरविंद कुमार दुबे इत्यादि उपस्थित थे।

## उलगुलान के महानायक बिरसा मुंडा की गौरव-गाथा को युगों युगों तक याद करेगा देश : लखन उरांव



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत मां के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले धरती आबा बिरसा मुंडा को भाजपाइयों ने उनके पुण्यतिथि पर याद किया। भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष लखन उरांव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देवी मंडप प्रांगण में उनके चित्र पर माल्यार्पन व पुष्प अर्पित कर किया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवंबर1875 ईस्वी को हुआ था, 8 फरवरी 1900 को अंग्रेज अधिकारी जेपी हैवेट ने ब्रिटेन में विदेश मंत्री (भारत के प्रभार में) सर अर्थर गोडले को पत्र लिखा कि छोटनागपुर में मुंडा लीडर बिरसा मुंडा एवं उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है 9 जून 1900 ईस्वी को रांची जेल में बिरसा मुंडा 25 वर्ष की उम्र में अंतिम सांसे ली थी इतनी कम उम्र में ही बिरसा मुंडा ने अंग्रेजो के खिलाफ जो उलगुलान किया था उससे अंग्रेज भयभीत रहते थे। 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने उनके जन्मदिन पर जनजाति गौरव दिवस के रूप में राष्ट्रीय छुट्टी घोषित किये हैं। बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष लखन उरांव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव, महामंत्री मनोज साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश सोनी, युवा मोर्चा मंत्री अनिल महतो, राजू राम, शिवचरण तुरी, धनंजय राम वर्मा इत्यादि शामिल हुए।

## बिजली पानी सड़क आदि समस्याओं को लेकर कुटुगिया ओड़गा व परबा में पूर्व मंत्री ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रखंड के टाटी पंचायत अंतर्गत कुटुगिया ओड़गा एवं परबा में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों से बैठक की। मौके पर झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा या क्षेत्र शुरू से ही संघर्ष करता आया है क्षेत्र के लोग संघर्ष में अपना जीवन बिताते आए हैं और वर्तमान सरकार और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया के कारण क्षेत्र का विकास थम गई है। शुरुआती दौर में यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित रहा जहां पर विकास की किरण नहीं पहुंची लेकिन जैसे ही मेरे मंत्री कार्यकाल में विकास की कई कार्य किए गए लेकिन जैसे ही साजिश के साथ मुझे क्षेत्र से 15 वर्षों तक दूर किया गया उस बीच इस क्षेत्र के लोगों का विकास के सपने धरे के धरे रह गए लेकिन अब वक्त आ गया है झारखंड पार्टी फिर से अपने पुराने रूप में इस क्षेत्र में विकास करने के लिए कृत संकल्पित है इसलिए आप सभी झारखंड पार्टी का सहयोग करें। झापा युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहा वर्तमान समय युवाओं को आगे आकर समाज की सोच एवं समाज में फैली व्याप्त बुराइयों को बदलने की बात कही।उन्होंने सभी युवाओ को झारखंड पार्टी का सहयोग करते हुए इस क्षेत्र में बिजली पानी सड़क सहित सरकार की उन कल्याणकारी योजना जिसकी इस गांव में आवश्यकता है इन सभी चीजों को सड़क से लेकर सदन तक विरोध करते हुए ग्रामीणों को लाभ दिलाने के लिए आवाहन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से अमन खेस,नुवेल हेरेंज, जोसेफ डुंगडुंग, रितु नायक, राजू नायक, रसाल खलखो,आंकित सुरीन, चिराग बाड़ा झापा अध्यक्ष दिनेश मांझी, सचिव मुकुट कंडुलना, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, सुजीत कुमार साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मन का मिलन पखवाड़े के अंतर्गत हुआ तीन केसों का निष्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची के तत्वाधान में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशन में दिनांक 29 मई से 14 जून तक चलाए जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 8 एवं 9 जून को कुल 3 केसों का निष्पादन किया गया ??। दिनांक 8 जून, 2023 को मन का मिलन पखवाड़ा के अंतर्गत एक सिविल वाद का निष्पादन किया गया जिसमें वादी प्रथम पक्ष सालू उरांव एवं दूसरे पक्ष हकीमुद्दीन अंसारी के बीच मध्यस्थ के माध्यम से आपसी सहमति बनाकर विवाद का निपटारा किया गया। आज 9 जून को भी दो क्रिमिनल केस का निष्पादन किया गया जिसमें सेनहा थाना कांड संख्या 92/22 जो बिजली विवाद को लेकर हुए मारपीट



से संबंधित था का निष्पादन रुखसार बीवी एवं गुलाम अंसारी के बीच आपसी समझौता कर किया गया। जिसके फलस्वरूप सेनहा थाना कांड संख्या 67/2020 का भी न्यायालय स्तर पर सुलह के आधार पर निस्तारित करने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त तथ्यों की जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि उपर्युक्त तीनों केस सिविल जज सह अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्री राज कल्याण के कोर्ट से संबंधित हैं। डालसा सचिव ने यह भी जानकारी दिया कि मन का मिलन पखवाड़े के अंतर्गत सिविल कोर्ट परिसर में एक स्थाई बेंच का गठन किया गया है जिसमें अब तक 500 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा है एवं मन का मिलन पखवाड़े तथा विधिक सेवा प्राधिकार के बारे में जानकारी ली है। जिसका विस्तृत विवरण प्रतिनियुक्त पीएलवी मन का मिलन पखवाड़े संबंधित रजिस्टर में संकलित करते हैं।

## पशु तस्करी मामला में तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पशु तस्करी मामला में सेन्हा थाना पुलिस कारवाई करते हुए तीन संलिप्त आरोपियों को कंडरा से गिरफ्तार कर भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा जय माता दी होटल के समीप गुप्त सूचना पर पशु लदा एक ट्रक को पुलिस जब्त कर अग्रतर कारवाई में जुट गई थी। सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पशु तस्करी मामला में सेन्हा थाना कांड संख्या 77/23 दर्ज कर चालक, उपचालक एवं सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि छतीसगढ़ राज्य के रायगढ़ से पशु लोड कर चितरी डांडु लाया जा रहा था। इसी दरमियान गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। जिसपर कारवाई करते हुए ट्रक को जप्त कर घटा सहूवा टोली निवासी केश्वर उराँव के पुत्र लालू उराँव, अधीश टोप्पो के पुत्र अंकित टोप्पो और सोमा उराँव के पुत्र अनिल उराँव को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावे अन्य लोगो के विरुद्ध पशु तस्करी मामला में संलिप्त होने की पुष्टि पर पुलिस लगतार कारवाई में जुटी हुई है। बताया जाता है कि झारखण्ड गोवंशीय अधिनियम 2005 के आलोक में धारा 12 व पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत धारा 11 के अन्तर्गत तीनो गिरफ्तार आरोपी को मेडिकल जांचोपरांत शुक्रवार को न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया।

## भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर भाजपा सिमडेगा के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में नगर भवन स्थित उनके प्रतिमा स्थल पर जा कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की भगवान बिरसा मुंडा विदेशी हुकूमत के ख़िलाफ़ संघर्ष में अपना सब कुछ निछावर कर दिया आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए उनके समर्थन एवं सेवा भाव के लिए हम सब उनका आभारी हैं, झारखंड में आदिवासी मूलवासी का विकास परस्पर समरसता ही उनका सपना था। मौके पर उपाध्यक्ष सतीश पांडे राकेश रविकांत सतनारायण प्रसाद नवीन सिंह उत्तम केरकेट्टा अशोक रजक लाल साहू रामचंद्र प्रसाद सावित्री देवी कमला कुमारी पिंकी प्रसाद रुनी कुमारी फुल सुंदरी देवी मौजूद थे।

# पढ़ाई में पैसा बाधक नहीं, जिला प्रशासन करा रही है प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी : उपायुक्त

**अपने जीवन का लक्ष्य तय करें और परिश्रम से करें पढ़ाई : पुलिस अधीक्षक**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पढ़ाई में पैसा बाधक नहीं है। लोहरदगा जिला प्रशासन द्वारा यहां के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क रूप से मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए नीट और इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए आईआईटी-जेईई की तैयारी करायी जा रही है। कई ऐसे सरकारी कॉलेज हैं जहां अच्छी लाईब्रेरी है,अच्छे शिक्षक हैं,सुविधाएं हैं, छात्रवृत्ति दी जा रही है। आप उनका लाभ उठा सकते हैं। उक्त बातें उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज शुक्रवार को नगर भवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में इस वर्ष झारखण्ड अधिविद्य परिषद की ओर से माध्यमिक, इंटरमीडिएट (विज्ञान, कॉमर्स व कला), सीबीएसई बोर्ड के 10 वीं व 12 वीं और आईसीएसई



बोर्ड 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट 300 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि हिंदी मीडियम में यूपीएससी की तैयारी भी की जा सकती है। ऐसा नहीं है कि हिंदी मीडियम के अभ्यर्थी यूपीएससी की परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। माध्यम चाहे अंग्रेजी हो या हिंदी हो,आपको सभी बिंदुओं की गहन जानकारी अवश्य होनी चाहिए। फेल होने से घबराना नहीं चाहिए। फेल होने के डर से ही अनावश्यक मानसिक तनाव होता है। पढ़ाई के साथ-साथ अपने जरूरी रिश्तों को भी समय दें। माता-पिता, दोस्तों से बातें करें। खेल के समय निकालें। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आज ऑनलाईन क्लासेज भी उपलब्ध हैं। पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम में कहा कि अपने कॅरियर को लेकर आप सभी प्लान ए के साथ प्लान बी अवश्य तैयार रखें। यदि किसी कारणवश प्लान ए में असफलता मिलती है तो प्लान बी में आगे बढ़ें। आप कॅरियर में लक्ष्य अवश्य तय रखें और परिश्रम करते हुए आगे बढ़ें। अपने शिक्षकों के संपर्क में बने रहें। असफलता से विनम्रता आती है और बहुत कुछ सीखने को मिलता है। पढ़ाई को गंभीरता से लेंगे तो जीवन में आगे भी सफलता मिलती रहेगी। आज के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की ओर से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, यूपीएससी परीक्षा में वैकल्पिक विषयों का चयन, परीक्षा की तैयारी, कॅरियर का सही चुनाव, असफलता के डर को दूर करने के उपाय, पर्सनलिटी डेवलपमेंट से जुड़े कई प्रश्न उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से किये गये। आज के कार्यक्रम में गोपी चंद्र कुंवर, संजय कुमार, चंद्रपति यादव, मंजूरमति विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक मदन मोहन पांडेय, कुमार संदीप, अनिल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर में भर्ती कैंप का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड के निदेश पर आज शुक्रवार को जिला नियोजनालय कार्यालय, लोहरदगा परिसर में एक दिवसीय मिनी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस भर्ती कैंप में चार निजी कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया जिसमें एडुवांटेज प्राईवेट लिमिटेड नई दिल्ली द्वारा ट्रेनी पद के लिए 14 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और सभी का अंतिम रूप से चयन किया गया। वीएसएस एंटरप्राईजेज गुरूग्राम कंपनी के द्वारा तीन अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और सभी का सेमी स्किल पद के लिए चयन कर लिया गया। एसआईएस लिमिटेड रांची द्वारा 15 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया और 06 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन सिक्योरिटी एडवाइजर/गार्ड के लिए कर लिया गया। बजाज एलियांज लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड लोहरदगा द्वारा 05 लोगों का साक्षात्कार लिया गया जिनमें 02 लोगों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। आज इस मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, यंग प्रोफेसनल प्रबीर गोप समेत नियोजन कार्यालय के अन्य कर्मी व बड़ी संख्या में अभ्यर्थीगण उपस्थित थे।

**कांग्रेसियों ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण**

# भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के वीर सपूत एवं जननायक थे : सुखेर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि मनाई गई जिसमे संख नदी पिकेट स्थित भगवान बिरसा मुंडा जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई एवं उनके सच्चे शहादत को याद किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि बिरसा मुंडा झारखंड के वीर सपूत एवं जननायक थे जिन्होंने देश की आजादी व अन्याय शोषण के खिलाफ अग्रेजो से संघर्ष किया। आज एक बार फिर जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए एक और उलगुलान क्रांति की जरूरत है। रीना भगत ने कहा कि बिरसा मुंडा के आदर्शो पर चलना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि आदिवासियों के महानायक बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास में एक ऐसे नायक थे, जिन्होंने झारखंड में 19 वीं शताब्दी में अपने क्रांतिकारी गतिविधियों से समाज की दशा और दिशा बदलकर रख दी थी, आज उनकी पुण्यतिथि है। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल ने कहा कि बिरसा मुंडा इतने बड़े जननायक थे इसका अंदाजा आप इसे लगा सकते हैं कि इनके नाम पर राज्य के कई योजनाएं चलते हैं संसद भवन में भी उनकी प्रतिमा स्थित है राज्य वासी हरेक मौके पर बिरसा मुंडा को बड़ी शिद्दत के साथ याद करते हैं, और राज्य में हर जगह इनका नाम बड़े अदब के साथ लिया जाता है इनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर रीना भगत, समुल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, संभू प्रजापति, सीमा परवीन, विनय उरांव, मुस्ताक अहमद, सत्यदेव भगत, विनोद खेरवार, सनियारो उरांव, बबीता देवी, अनमोल तिर्की, समिम अंसारी, रंजीत लकड़ा, तौसीफ आलम, असलम अंसारी, कबीर अंसारी, सरस्वती उरांव, सैफ अहमद, सुभम सहदेव, मुनव्वर आलम, जीवन लकड़ा, आदि उपस्थित थे।

# महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने किया गांवों का दौरा

**➲हर घर तक राशन बिजली पानी की सुविधा पहुंचाई केंद्र सरकार ने : श्रद्धानंद बेसरा**

**➲कोरोना काल मे 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया : मानकीलाल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** सिमडेगा जिला प्रखंड केरसई पंचायत किनकेल के ग्राम अंबाटोली नीचे बस्ती, वीच बस्ती, अंबाटोली स्कूल बस्ती, डोम्मरा बांध, अंबा डीपा इत्यादि क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के डोर टु डोर जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत भाजपा नेता श्री श्रद्धानंद बेसरा एवं केरसई मंडल अध्यक्ष श्री मानकी लाल जी ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात कर केंद्र सरकार की 9 वर्ष के कार्यकाल में केंद्र सरकार के कार्यों एवं योजनाओं के विषय में जानकारी दिए । श्री बेसरा जी एवं श्री मानकी लाल जी ने केंद्र के द्वारा किए गए कार्य की चर्चा करते हुए लोगों को जानकारी दिए कि केंद्र की सरकार ने कोरोना काल के समय कोरोना से पीड़ित व्यक्तियों को दवा और वैक्सीनेशन देने का कार्य किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोरोना काल में फंसे हुए व्यक्तियों और जरूरतमंद लोगों के बीच अनाज एवं खाना का वितरण किए। केंद्र सरकार के द्वारा 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त में राशन उपलब्ध करा कर विपरीत परिस्थिति में भी सहयोग प्रदान किया। ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर विद्युतीकरण करने का कार्य किया। हर घर नल जल योजना के तहत घर घर मैं पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वच्छता अभियान के तहत हर घर शौचालय बनवाने का काम किया। प्रत्येक परिवार को बीमारी एवं उसके इलाज के लिए आयुष्मान योजना के तहत 500000 तक का राशि सहयोग कराने का काम किया। प्रत्येक परिवार को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन एवं चूल्हा फ्री में देने का काम किया। किसानों को प्रत्येक 3 महीना में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना के तहत 2000 रुपए और साल में ?6000 देने का कार्य किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र में पक्का मकान बनाने का काम किया। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्रों को रोड कनेक्टिविटी से जोड़ने का कार्य किया। जम्मू और कश्मीर में 370 धारा हटाकर संपूर्ण भारत को एक विधान एवं एक निशान में करने का कार्य किया।

## जन भावना फाउंडेशन के बैनर तले हुआ हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमड़ेगा प्रखंड के सेवई पंचायत के सनसेवई खास गांव में जन भावना फाउंडेशन (एनजीओ) के बैनर तले सेवई पंचायत हेड क्लारा खलखो के द्वारा हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस विशेष मौके पर डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।मौके पर खुशीराम कुमार ने कहा कि जनभावना फाउंडेशन जिस तरह वर्तमान में काम कर रही है आने वाले दिनों में पूरे पंचायत के लोगों तक सरकार की योजनाओं को अलग अलग तरीके से लोगों पहुँचा कर लाभ दिया जाएगा।जनभावना फाउंडेशन का उद्देश्य है हर हाथ हुनर जन जन को रोजगार। अभी वर्तमान में सरकार की बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना एवं बालिका के 18 वर्ष के बाद विवाह पर जरूरत के सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं।वर्तमान में जनभावना फाउंडेशन लोगों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है।इस कार्यक्रम में कुल 92 लोगों ने पंजीकरण कराया जिसमें बालिका समृद्धि योजना में 37 एवं हेल्थ केयर कार्ड में 55 लोगों ने पंजीकरण कराया। मौके पर सिमड़ेगा ब्लॉक हेड संगीता डुंगडुंग,ठेठईटांगर ब्लॉक हेड बिरसा मांझी पंचायत हेड गरजा संदीप बड़ाईक एवं पंचायत हेड तामड़ा विल्सन मांझी सहित काफी संख्या में ग्रामीणों उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### युवती ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुंदाग ओपी क्षेत्र में एक युवती ने अपने घर में गुरुवार रात पंखे की कुंडी में ओढनी के सहारे लटक कर खुदकुशी कर ली। युवकी की शिनाख्त श्वेता कुमारी (22) के रूप में हुई है । वह बिहार के अरवल जिले की रहने वाली थी। वर्तमान में वह अपनी बड़ी बहन शिल्पा कुमारी के साथ पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट में रह रही थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। श्वेता कुमारी की बड़ी बहन शिल्पी कुमारी ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से परिवार वालों के साथ बाहर गयी थी। जब लौटी तो देखा कि श्वेता ओड़नी के सहारे फंदे से लटकी है। उसके बाद उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी। बड़ी बहन ने पुलिस को बताया कि हाइट कम होने के कारण श्वेता की शादी ठीक नहीं हो रही थी। तीन बार शादी टूटने की वजह से वो पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### ओबीसी मोर्चा ने आरक्षण की मांग को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के मतनाग में राज्यपाल के जनसंवाद कार्यक्रम में गुरुवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के द्वारा लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण देने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। लातेहार जिले में ओबीस समूदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर मोर्चा के सत्येंद्र कुमार यादव ने खुले मंच से राज्यपाल से मांग की। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला बनने से पूर्व पलामू जिला में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता था। 2001 में लातेहार जिला बनने के पश्चात लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण को शून्य कर दिया गया, जबकि यहां पर ओबीसी की आबादी लगभग 50 फीसदी है। यहां के ओबीसी समुदाय के साथ यह घोर अन्याय है। झारखंड के अन्य 13 मेसो क्षेत्र जिले में से 6 जिले में ओबीसी आरक्षण दे दिया गया है। फिर लातेहार जिला के ओबीसी के साथ यह अन्याय क्यों। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा यह मामला मेरे संज्ञान में है और मैं इस मामले को उच्च स्तर पर रखकर बात करूंगा। निश्चित रूप से ओबीसी एससी एसटी को उनके जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिलना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में कार्यकारी जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव से सत्येंद्र कुमार यादव वीरेंद्र यादव प्रमोद कुमार यादव कन्हाई यादव नेपाल यादव विकेश कुमार यादव अख्तर अंसारी रामप्यारी यादव सूरज यादव अरविंद यादव राजेंद्र यादव निर्मल यादव सत्येंद्र यादव बालदेव यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।



2027 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर बनाने को लेकर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है उत्तर प्रदेश : एके शर्मा

**कार्यक्रम में शामिल उद्योगपतियों ने कहा : अपने लक्ष्य को हासिल करेगा उत्तर प्रदेश**

एजेंसी

**लखनऊ :** 2027 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर बनाना पर उद्घाटन सत्र में उद्योग जगत को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी विकास और ऊर्जा,कैबिनेट मंत्री श्री एके शर्मा ने लखनऊ में सीआईआई इंडस्ट्री इंटरेक्शन ऑन बिल्डिंग ए रेजिलिएंट इकोनॉमी में आयोजित सत्र में यूपी की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर और भारत के लिए 9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के लक्ष्यों में विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अतीत में भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। जिस तरह से भारत और यूपी वन नेशन, वन टैक्स जैसी पहल के साथ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के जरिए उद्योग जगत को सुविधा प्रदान कर रहे हैं, उससे वर्तमान में आश्वासन पैदा होता है। कहा कि यह वास्तव में भारत में व्यापार करने का सबसे अच्छा समय है, एक बड़ी अर्थव्यवस्था और एक बड़े बाजार के साथ, भारत के पास वैश्विक निवेश को अवशोषित करने की क्षमता है। राज्य के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व प्रतिक्रिया, जिसके कारण लगभग 33.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश ब्याज के 20,000 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, यह राज्य के परिवर्तन का प्रतिबिंब है। मंत्री ने कहा




कि यह तीन प्रतिमान बदलावों का परिणाम है। कानून-व्यवस्था की स्थिति, जो किसी भी निवेश निर्णय का प्रारंभ बिंदु होती है, बेहतर हो गई है। वेल्थ क्रिएशन की दिशा में राज्य सरकार बदल रही है मानसिकताय धन सृजन आज समाज की प्रगति के लिए आवश्यक माना जाता है। सत्र को संबोधित करते हुए दुर्गा शंकर मिश्रा, चीफ सैक्रेटरी, उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने और व्यापार करने में आसानी के लिए राज्य सरकार के बल को देखते हुए राज्य 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए दृढ़ संकल्पित और तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को यूपी के लिए यूपी, भारत के लिए यूपी और ग्लोब के लिए यूपी का लाभ उठाते हुए उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का प्रयास है। इससे पहले उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने पर सुझाव देते हुए श्री माधव सिंघानिया, डिप्टी चेयरमैन, सीआईआई उत्तरी क्षेत्र और ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, जेके सीमेंट लिमिटेड ने कहा कि सक्रिय नीतियों, एक सुविधाजनक कारोबारी माहौल और बुनियादी ढांचे पर जोर के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ जो राज्य के पास है, को विश्वास है कि उत्तर प्रदेश अपने आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार है। सभी को धन्यवाद देते हुए श्री आकाश गोयनका, चेयरमैन सी.आई.आई. उत्तर प्रदेश तथा डायरेक्टर शुभम गोल्डी मसाले, ने कहा की सरकार का निवेश के प्रति सकारात्मक भाव उद्यमियों के लिए एक बहुत बड़ा प्रोत्साहन है।उन्होंने कहा की हमे पूर्ण विश्वास है की उत्तर प्रदेश में हमारा निवेश न सिर्फ सुरक्षित है बल्कि उन्नति की राह पर है।

# भारत के टेक-इकोसिस्टम को बढ़ाने में एआई की बड़ी क्षमता : मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ बैठक की और कहा कि विशेष रूप से युवाओं के बीच भारत के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र (टेक-इकोसिस्टम) को बढ़ाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की क्षमता बहुत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कल ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने मुलाकात की। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के एक ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, अंतर्दृष्टिपूर्ण बातचीत के लिए सैम ऑल्टमैन को धन्यवाद। भारत के टेक-इकोसिस्टम का विस्तार करने में एआई की क्षमता, विशेष रूप से युवाओं के बीच, वास्तव में अपार है। हम उन सभी सहयोगों का स्वागत करते हैं, जो हमारे नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए हमारे डिजिटल बदलाव को गति दे सकते हैं। इससे पहले, ऑल्टमैन ने एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शानदार बातचीत रही। भारत के अविश्वसनीय तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र और एआई से देश को कैसे लाभ हो सकता है, इस पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय में सभी लोगों के साथ मुलाकात आनंदमय रही।

# 24 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए चारधाम यात्रा का दर्शन



एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के शुरू हुए डेढ़ महीना से ज्यादा का समय हो चुका है। चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अब तक 24 लाख से अधिक श्रद्धालु हेमकुंड सहित चारों धामों की यात्रा कर चुके है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं काफी उत्साह है। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार गुरुवार को बद्रीनाथ धाम में 21567 श्रद्धालु, केदारनाथ में 18978, गंगोत्री में 8577, यमुनोत्री में 6527, हेमकुंड साहिब में 4313 तथा गौमुख 79 श्रद्धालु यानि कुल 60041 यात्री इन तीर्थ धामों में पहुंचे थे। अब तक 24 लाख 14 हजार 939 यात्री हेमकुंड सहित उत्तराखंड के चारधाम में पहुंच चुके हैं। इनमें बद्रीनाथ धाम में सात लाख 254, हेमकुंड साहिब में 45634, केदारनाथ में 821207, गंगोत्री में 446572, गौमुख में 3605, यमुनोत्री में 397667 यात्री दर्शन कर चुके हैं।

**131 तीर्थ यात्रियों की हुई मृत्यु**

चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 131 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो चुकी है। इसके पीछे स्वास्थ्य संबंधी कारणों के अलावा दुर्घटनाएं भी शामिल हैं। विभाग का मानना है कि चारधाम व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है। यात्रियों को भी यात्रा से पूर्व अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी दृष्टि रखनी चाहिए।

अंडमान-निकोबार प्रवास के दौरान सीएम से मिला झारखंड के आदिवासी मूलवासी श्रमिकों का प्रतिनिधिमंडल

# प्रवासी श्रमिकों के हित के लिए सरकार चला रही कई योजनाएं : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :**.मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के अंडमान निकोबार प्रवास के दौरान उनसे वहां रह रहे झारखंड के आदिवासियों- मूलवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अंडमान निकोबार द्वीप समूह में रोजगार और अन्य विषयों से संबंधित अनुभवों को साझा किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कई दशकों से झारखंड के अलग-अलग क्षेत्रों से श्रमिक यहां मजदूरी करते आते रहे हैं।इनमें से कई अंडमान और निकोबार प्रशासन के पुनर्वास योजनाओं के तहत यहां बस चुके हैं। इनमें से अधिकांश श्रमिक निर्माण कार्य से जुड़े हैं। प्रतिनिधिमंडल ने अंडमान-निकोबार मुख्यमंत्री के साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक विकास,



लोगों के लिए पारगमन आवास, हवाई किराए में वृद्धि आदि से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी कुछ मांगो से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान अंडमान- निकोबार में फंसे झारखंड के 180 प्रवासी श्रमिकों को एयर लिफ्ट करा कर उनके सकुशल घर वापसी कराने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि प्रवासी श्रमिकों के हित में राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस सिलसिले में प्रवासी मजदूरों के लिए ÷मुख्यमंत्री झारखंड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष÷ बनाया गया है। साथ ही यह भी बताया कि यहां से जो भी श्रमिक/ व्यक्ति काम करने दूसरे देशों में जाते हैं, उनके लिए भी ÷मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना÷ चला रही है । झारखण्ड से बाहर प्रवास करने वाले लोगों की मदद के लिए भी राज्य सरकार द्वारा सेफ एंड रिस्पांसिबल माइग्रेशन इनीशिएटिव की शुरुआत की गयी है। इसके तहत प्रवासी श्रमिकों के व्यवस्थित पंजीकरण को सक्षम करने, डेटाबेस की निगरानी और विश्लेषण की भी व्यवस्था की गई है। सुरक्षित और जिम्मेदार प्रवास पर प्रथाओं के बारे में अभियानों के माध्यम से जागरूकता पैदा किया जा रहा है।

**राज्य प्रवासी मजदूर नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना:** मुख्यमंत्री ने बताया कि श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा राज्य प्रवासी मजदूर नियंत्रण कक्ष की शुरुआत की गई है। वर्तमान में यह कंट्रोल रूम प्रवासी मजदूरों के लिए 24 घंटे 7 दिन हेल्पलाइन की तरह काम कर रहा है ।

### भाजपा में शामिल हुए पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. वी मैत्रीएन



**नई दिल्ली :** एआईडीएमके के पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. वी मैत्रीएन ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में डॉ. वी मैत्रीएन ने राष्ट्रीय महा सचिव अरुण सिंह और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। डॉ. वी मैत्रीएन तमिलनाडु से तीन बार राज्य सभा सदस्य रहे हैं। 23 साल बाद उनकी घर वापसी हुई है। सदस्यता ग्रहण के मौके पर उन्होंने कहा कि वे भाजपा की विचारधारा से प्रभावित हो पार्टी से जुड़े हैं। वे पहले भी भाजपा के नेता रहे हैं। पिछले पांच साल से वे भाजपा में घर वापसी की सोच रहे थे। उन्होंने कहा कि वे अब तमिलनाडु में पार्टी को मजबूती देने का काम करेंगे।

# पंचायत चुनाव को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। शुक्रवार से नामांकन भी शुरू हो गया है। इस बीच विपक्ष ने राज्य में चुनाव करने की मांग की है। इसे लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं लगाई गई हैं। पहली याचिका कांग्रेस की ओर से अधिवक्ता कौस्तव बागची ने लगाई है जबकि दूसरी याचिका भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के वकील श्रीजीव चक्रवर्ती ने लगाई है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टीएस शिवगणनम की खंडपीठ में लगाई गई इस याचिका में दावा किया गया है कि नामांकन दाखिल करने के लिए अगर राज्य भर के पंचायत केंद्रों की गणना की जाए तो केवल 39 सेकंड का समय मिला है। इसके अलावा चुनाव की घोषणा से पहले कोई



सर्वदलीय बैठक नहीं हुई है। इसीलिए ऑनलाइन नामांकन दाखिल करने की छूट दी जानी चाहिए। इसके साथ ही केंद्रीय बलों को निगरानी में चुनाव कराये जाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि विपक्षी पार्टियों को राज्य पुलिस पर बिल्कुल विश्वास नहीं है। केंद्रीय बलों की तैनाती होनी चाहिए। शुभेंदु अधिकारी की ओर से लगाई गई याचिका में स्पष्ट किया गया है कि 2018 के चुनाव में विपक्ष को नामांकन दाखिल नहीं करने दिया गया था। जो उम्मीदवार थे उन्हें रास्ते में ही घेर कर मारा पीटा गया। पुलिस ने कार्रवाई के बजाय तृणमूल के हमलावरों की मदद की थी इसलिए ऑनलाइन नामांकन की स्वीकृति दी जानी चाहिए। आज ही इस पर फैसला आएगा।

# प्रदेश भाजपा के नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। नेताओं ने प्रातः काल भगवान बिरसा मुंडा की कोकर स्थित समाधि स्थल पहुंचकर पुष्प चढ़ाए। साथ ही पुराना जेल परिसर एवम पार्टी प्रदेश कार्यालय में भी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी।

**झारखंड के सांस्कृतिक जागरण के अगुआ भगवान बिरसा मुंडा : दीपक प्रकाश**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि बिरसा भगवान ने गुलामी के काल खंड में जनजाति समाज को नई दिशा दी। उनकी लड़ाई अंग्रेजी दासता के खिलाफ तो थी ही लेकिन अंग्रेजों के कुचक्र ने जनजाति समाज की संस्कृति और पहचान मिटाने की कोशिश की, जिसके खिलाफ वे अंतिम सांस तक लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सांस्कृतिक जागरण के अगुवा थे।

जनजाति समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा :लक्ष्मीकांत वाजपाई

प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा दैवगुण संपन्न एक महामानव थे, जिन्होंने अपने त्याग और बलिदान से सम्पूर्ण जनजाति समाज का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित कर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**स्वतंत्रता सेनानी के साथ सच्चे समाज सुधारक थे भगवान बिरसा मुंडा : बाबूलाल मरांडी**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी छोटी आयु में ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष भी किया और समाज सुधार के कार्य भी किए। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज उनके पद चिह्नों पर आगे बढ़ते हुए अपनी पहचान ,परंपरा को अक्षुण्ण रख सकता है।

### झारखंड में 64 सीडीपीओ के पद पर होगी नियुक्ति, 27 जून से ऑनलाइन आवेदन

**रांची :** झारखंड में 64 बाल विकास पदाधिकारी की रिक्त पदों पर नियुक्ति होगी। महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधियाचना के बाद झारखंड लोकसेवा आयोग ने इस संदर्भ में विज्ञापन जारी किया है। 27 जून से इसके तहत ऑनलाइन आवेदन जेपीएससी के वेबसाइट के जरिये लिए जायेंगे। 26 जुलाई तक आवेदन लेने की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। बाल विकास पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए किसी भी विषय में स्नातक होना जरूरी रखा गया है। बाल विकास पदाधिकारियों को पीबी 2-8300-34800 ग्रेड पे 5400 रुपये नियुक्ति के बाद दिए जायेंगे। ट्रेनिंग की अवधि दो साल की रखी जायेगी। जेपीएससी ने प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सिलेबस भी जारी किया है। 50 फीसदी पद महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण के तहत आरक्षित की गयी है। 32 पद महिलाओं के लिए आरक्षित है।

# 11 जून को क्लीनिक ऑन स्क्रीन में विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे मानसिक और चर्म रोग का इलाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा का क्लीनिक ऑन स्क्रीन जटिल रोगों के इलाज के लिए वरदान साबित होने लगा है। 11 जून को मानसिक रोग और चर्म रोग का इलाज सम्बंधित रोग के विशेषज्ञ करेंगे। सीआईपी रांची के प्रसिद्ध न्यूरो मनोरोग चिकित्सक डॉ राजीव रंजन और रिम्स से अनुभव प्राप्त प्रसिद्ध चर्म-कुष्ठ रोग विशषज्ञ डॉ मीनू श्री रोगियों का इलाज करेंगी।

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन ने कहा कि मानसिक रोग का समय से इलाज नहीं किया गया तो वह व्यक्ति को मौत के मुहाने पर खड़ा कर देता है, जहां से उसे वापस लाना कठिन हो जाता है। उन्होंने बताया कि खुद को नुकसान पहुंचाना, आंखों से आंखे कम मिलना, उन्मादी हो जाना, शब्दों और गतिविधियों को बेमतलब दोहराना, चिड़चिड़ापन, बिना सोचे समझे जल्दी से काम करना, बेचैनी से शरीर हिलाना,





दिमाग का कम काम करना, सोचने की क्षमता कमजोर होना, याददाश्त जाना, सामान्य चीजों को न पहचान पाना, सन्देह करना, आनन्द न आना, इनके प्रमुख लक्षण हैं। नींद, भूख, ऊर्जा, एकाग्रता, व्यवहार, आत्म सम्मान में परिवर्तन आना भी इस रोग के लक्षण हैं। डॉ ने कहा कि मानसिक रोग को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। बशर्ते लोग इसे शर्मिंदगी से जोड़कर न देखें और उक्त लक्षण दिखते ही अविलम्ब डॉक्टर से सम्पर्क कर लें। गढ़वा जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में क्लिनिक ऑन स्क्रीन ऐसे रोगों के समूल नाश का बड़ा संकल्प लिया है। लोग इस रोग के प्रति जागरूक और इसके इलाज के प्रति गम्भीर हों। तभी इस अवसाद रोग पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

वहीं चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ मीनू श्री ने कहा कि गलत खान-पान और शरीर के आवश्यक देखभाल के अभाव में लोग बड़ी तेजी से चर्म रोग के शिकार हो रहे है। इस को हल्के में लेने वाले लोग धीरे-धीरे जटिल रोग के शिकार हो जाते हैं तब लोगों के पास पछताने के अलावे कोई विकल्प नहीं बचता है। डॉ मीनू श्री प्रत्येक रविवार को क्लिनिक ऑन स्क्रीन में मरीजों को परामर्श देती हैं। पिछले तीन महीने में मीनू श्री 100 से ज्यादा मरीजों को पूरी तरह ठीक कर चुकी हैं।

इसकी जानकारी देते हुए क्लिनिक ऑन स्क्रीन के निदेशक एनआरआई बाबू शक्ति सिंह ने कहा कि क्लिनिक ऑन स्क्रीन का उद्देश्य गढ़वा जिला और उसने समीपवर्ती राज्य के लोगों को जटिल रोगों से बचाना है। इसके लिए बाहर के विशेषज्ञ चिकित्सकों को बुलाया जाता है। जिस रोग के इलाज के लिए लोग दिल्ली, कोलकता, बनारस, पटना, रांची जैसे बड़े शहरों में जाते हैं। उनके लिए क्लिनिक ऑन स्क्रीन काफी सुविधाजनक और किफायती है। क्योंकि कम खर्च में उनका इलाज बाहर के विशेषज्ञ चिकित्सक कर रहे हैं।